राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 104 पृष्ठ: 08 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम नए भारत की तस्वीर, बेटियों के सपने होंगे साकारः नायब



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वदंन अधिनियम नए भारत की तस्वीर है जहां पर देश की बेटियों के सपनों को साकार किया जाएगा। इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें निर्णय लेने की मुख्य धारा में लाता है। यह कानून महिलाओं को केवल भागीदारी नहीं नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका देता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित 2 दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम को ऑन लाईन प्रणाली से सुन रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया।

## गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं सरकारः सैनी

**समारोह**

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। ऐसा करके गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख इतिहास पर आधारित व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला व पुरुषों की दंगल प्रतियोगिता को शुरू करवाया और पतंग उड़ाकर अंतरराष्ट्रीय पतंग प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृति पर आधारित हरियाणा विरासत पवेलियन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर सबको



बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर महान गुरुओं के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सिख संगत की तरफ से कृपाण, सरोपा तथा खंडा साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें गुरु साहिबान की शिक्षाओं, एकता, समर्पण, सेवा और परिश्रम को अपने जीवन में अपनाना होगा। हम सभी को मिलकर ऐसा समाज बनाना होगा, जहां सभी को समान अवसर मिले, जहां कोई भेदभाव न हो और जहां हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार हो।

**फास्ट न्यूज**

### खुदरा महंगाई दर मार्च महीने में बढ़कर 3.40 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खुदरा महंगाई दर मार्च में मामूली बढ़कर 3.40 फीसदी हो गई, जो फरवरी महीने में 3.21 फीसदी के स्तर पर थी। खुदरा महंगाई दर में ये वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी के कारण हुई है। हालांकि, यह अभी भी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 4 फीसदी के लक्ष्य से नीचे है। मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 फीसदी रही, जो पिछले महीने फरवरी में 3.47 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बताया कि मार्च में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.63 फीसदी और शहरी इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.11 फीसदी रही है। मार्च में ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर 3.96 फीसदी रही है, जबकि शहरी इलाकों में यह 3.71 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार मार्च में प्याज -27.76 फीसदी, आलू -18.98 फीसदी, लहसुन -10.18 फीसदी, अरहर -9.56 फीसदी और मटर, चना -7.87 फीसदी की गिरावट के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सबसे कम महंगाई दर्ज करने वाले शीर्ष पांच प्रमुख रहे हैं। इन सभी में महंगाई दर सालाना आधार पर नकारात्मक रही है।

### पीएम आज को दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 11:15 बजे प्रधानमंत्री दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के एलिवेटेड सेक्शन पर वन्यजीव गलियारे की समीक्षा करने के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जाएंगे।

मोदी महिलाओं से बोले- गृहस्थ नहीं, लेकिन जानता सब हूं

# हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं: पीएम मोदी

**नारी शक्ति वंदन**

- विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है : पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।' उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।' पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया। स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले। जीवन के आगे के पड़ाव में रसोई में धुएं की परेशानी से बचाने उज्जवला योजना, पानी के लिए हर घर नल, 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना। इन सबका सबसे ज्यादा लाभ हमारी बहनों और बेटियों को हो रहा है। 3 करोड़ से ज्यादा महिलाएं अपने घर की मालिक बनी हैं। आम तौर पर पिता और बेटा व्यापार की बात करते हैं न और मां आ जाए तो कहते हैं तुम जाओ। अब जब वो आर्थिक सशक्त हो गई हैं तो बेटा भी कहता है कि मां को बुलाइए न। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं। भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है।



### देश की महिलाएं अपने सांसदों से मिलें अपना पक्ष रखें अपेक्षाएं: पीएम मोदी

महिला आरक्षण बिल पर विमर्श को करीब चालीस साल बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने अपने ढंग से आगे बढ़ाया है।
2023 में जब यह अधिनियम आया था तब भी सभी दलों ने सर्व सम्मति से इसे पास कराया था। एक सुर में यह बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। अपेक्षाएं बताएं, जिस दिन वे सदन में आने के लिए निकलें तो फूल माला देकर उन्हें विदाई दीजिए, ताकि जब सांसद माता-बहनों का आशीर्वाद लेकर निकलेंगे न तो दूसरा निर्णय कर ही नहीं सकेंगे।'

**संसद में 16 अप्रैल से विशेष सत्र भी होगा**

महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को संसद का एक सत्र बुलाया जा रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' ने महिलाओं के लिए आरक्षण को नई जनगणना और परिसीमन (सीमांकन) से जोड़ दिया था।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम में 2 बड़े संशोधन की प्लानिंग

जनगणना में हुई देरी के चलते, अब 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही आगे बढ़ने की योजना है। संशोधन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है।
सरकार ने दो बड़े संशोधनों की योजना बनाई है, जिसमें एक अलग परिसीमन विधेयक भी शामिल है। महिलाओं के लिए रिजर्वेशन तय करने के लिए इन दोनों विधेयकों को संवैधानिक संशोधन के तौर पर पारित किया जाना जरूरी है। मौजूदा स्थिति को बरकरार रखते हुए, डइउ आरक्षण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जबकि एससी/एसटी आरक्षण पहले की तरह ही जारी रहेगा।
महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को संसद का एक सत्र बुलाया जा रहा है। 'आरक्षण को नई जनगणना और परिसीमन (सीमांकन) से जोड़ दिया था।



पंचत्तव में विलीन हुईं आशा भोसले: बॉलीवुड सिंगर्स ने अभी ना जाओ छोड़कर गाया।

### भारत और ओमान ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अपने ओमान के समकक्ष अनवर बिन हिलाल बिन हमदौन अल जाबरी के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर बातचीत की। पीयूष गोयल ने कहा कि ओमान के वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्री अनवर बिन हिलाल बिन हमदौन अल जाबरी के साथ एक टेलीकॉल किया। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों की आपसी प्रगति के लिए द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत-ओमान सीईपीए के तहत अवसरों को खोलने पर चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन और कुवैत के व्यापार मंत्रियों के साथ भी बातचीत की है।

## जज संघ से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में गईं, हटाई जाएं: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से दिल्ली शराब घोटाला केस से हटने (रिक्यूज) की फिर मांग की। उन्होंने कोर्ट में डेढ़ घंटे दलीलें रखीं। कहा- 'मुझे पहले से ही दोषी माना जा रहा है। जस्टिस शर्मा के आदेशों में एक पैटर्न दिखता है, जिसमें ईडी और सीबीआई के हर तर्क को स्वीकार किया जाता है।' उन्होंने कि जस्टिस शर्मा ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कानूनी इकाई है, के एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को तीन महीने की सुनवाई के बाद इस केस में मुझे और 23 आरोपियों को बरी कर दिया। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने बहुत कम समय की सुनवाई के बाद आंशिक रूप से स्थगित कर दिया। इसके बाद उन्होंने 10 वजहें गिनाईं। इससे पहले 6 अप्रैल को सुनवाई हुई थी।

### डेटा प्रोटेक्शन कानून को चुनौती देने वाली नई याचिका पर केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने डाटा प्रोटेक्शन कानून को चुनौती देने वाली एक और याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस याचिका को भी दूसरी लंबित याचिकाओं के साथ टैग करने का आदेश दिया। नई याचिका मजदूर किसान शक्ति संगठन की ओर से अरुणा रॉय, निखिल डे और शंकर सिंह ने दायर की है। इसके पहले 13 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने अंजलि भारद्वाज और अमृता जौहरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया था। याचिका में डाटा प्रोटेक्शन कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने की मांग की गई है। 16 फरवरी को भी कोर्ट ने डाटा प्रोटेक्शन कानून को चुनौती देने वाली कुछ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र को नोटिस जारी किया था।

## हरियाणा के सात निकायों में दस मई को होगा मतदान

**ऐलान**

- प्रदेश में ऐसा पहली बार होगा जब नोटा को अधिक वोट मिलने की सूरत में चुनाव रद्द नहीं होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के चुनाव आयुक्त देवेंद्र कल्याण ने सोमवार को प्रदेश के सात नगर निकायों में चुनाव का ऐलान कर दिया है। इन निकायों में आगामी दस मई को मतदान होगा। निकायों के अलावा पंचायती राज संस्थाओं के 528 रिक्त पदों पर भी चुनाव का ऐलान किया गया है। सोमवार को पंचकूला स्थित मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कल्याण ने बताया कि सोनीपत-पंचकूला, अंबाला नगर



निगम, रेवाड़ी नगर परिषद, उकलाना, धारूहेड़ा व सांपला नगर पालिका में 10 मई को मतदान होगा। 13 मई को परिणाम घोषित होगा। आज चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। हरियाणा के अंबाला, पंचकूला व सोनीपत नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद नगर पालिकाः सांपला (रोहतक), उकलाना (हिसार) व धारूहेड़ा (रेवाड़ी) में यह चुनाव होगा। यह वोटिंग ईवीएम से होगी लेकिन इसमें वीवीपैट का इस्तेमाल नहीं होगा।

### हॉर्मुज स्ट्रेट ठप होने की आशंका से 105 डॉलर के पार पहुंचा डब्ल्यूटीआई क्रूड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल तथा ईरान के बीच जारी जंग को रोकने के लिए पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता विफल हो जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) ने आज एक बार फिर गर्मी दिखा दी है। अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। खासकर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज इंट्रा-डे में 105 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को भी पार कर लिया। इसी तरह ब्रेंट क्रूड भी 103 डॉलर के स्तर को पार कर गया। ट्रंप ने हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने का ऐलान किया है।

*दलाई लामा का जीवन करुणा, अहिंसा, शांति और सार्वभौमिक मानव कल्याण का जीवंत उदाहरण है: राज्यपाल कविंद्र गुप्ता*

## हिमाचल और तिब्बती समुदाय के बीच हमेशा रहे गहरे और सौहार्दपूर्ण संबंध: राज्यपाल कविंद्र

**विशेष पहचान**

- धर्मशाला में परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति ने हिमाचल को वैश्विक स्तर पर विशेष पहचान दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश और तिब्बती समुदाय के बीच हमेशा से गहरे और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति ने हिमाचल



प्रदेश को वैश्विक स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाई है और उनकी शिक्षाएं पूरी दुनिया के लोगों को नैतिक दिशा प्रदान करती हैं। राज्यपाल सोमवार को शिमला स्थित लोक भवन में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के मुख्य प्रतिनिधि ल्हाकपा त्सेरिंग के नेतृत्व में आए तिब्बती प्रतिनिधिमंडल से भेंट के दौरान यह बात कह रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दलाई लामा का जीवन करुणा, अहिंसा, शांति और सार्वभौमिक मानव कल्याण का जीवंत उदाहरण है। उनकी शिक्षाएं केवल तिब्बती समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में तिब्बती समुदाय के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में तिब्बती भाइयों और बहनों ने विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक भूमिका निभाई है, जिससे प्रदेश की समृद्धि और सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिली है।

## सोनिया गांधी का दावा- महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन असली मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को महिला आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने द हिन्दू (अखबार) में लिखा कि पीएम विपक्षी दलों से उन बिलों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं, जिन्हें सरकार संसद के विशेष सत्र में जबरदस्ती पास कराना चाहती है। उन्होंने लिखा कि यह सब तब हो रहा है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इस जल्दबाजी का सिर्फ एक ही



मकसद राजनीतिक फायदा उठाना है। सरकार ने 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद में पास कर लिया था, लेकिन इसे अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू करने की शर्त रखी गई। वहीं संसद के विशेष सत्र के लिए कांग्रेस, भाजपा और जेडीयू ने व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक अपने सभी सांसदों को संसद में मौजूद रहने को कहा है।

**विपक्ष ने 2024 में महिला आरक्षण लागू करने की मांग की थी**

महिला आरक्षण पर सोनिया ने लिखा- राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि इसे 2024 के चुनाव से ही लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने इसे नहीं माना। अब अनुच्छेद 334-अ में बदलाव कर महिला आरक्षण को 2029 से लागू करने की तैयारी है।



उत्तर भारत
ऊना, 14 अप्रैल 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com



# खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई : राजनाथ सिंह

पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरू हुआ, खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है गटका, मल्लखंब, थांग-टा, कलरीपयट्टू और योगासन जैसी विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार स्कॉलरशिप्स दे रही है, आज देशभर में 1000 खेलो इंडिया सेंटर्स की भी स्थापना की जा रही है, करीब 2 दर्जन नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए

**स्पेशलाइज्ड**

अब राज्यों में भी स्पोर्ट्स स्पेशलाइज्ड हायर एजुकेशन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं: राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** लखनऊ के के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। गटका, मल्लखंब, थांग-टा, कलरीपयट्टू और योगासन जैसी विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार स्कॉलरशिप्स दे रही है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 1000 खेलो इंडिया सेंटर्स की भी स्थापना की जा रही है। करीब 2 दर्जन नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए हैं। इन सेंटर्स पर प्रदर्शन को सुधारने के लिए ट्रेनिंग और स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट दिया जा रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि अब राज्यों में भी स्पोर्ट्स स्पेशलाइज्ड हायर एजुकेशन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें उत्तर प्रदेश बहुत प्रशंसनीय काम कर रहा है। मेरठ में मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय का उदाहरण हमारे सामने है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पोर्ट्स को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। देश की पहली राष्ट्रीय खेल यूनिवर्सिटी के निर्माण से इसमें और मदद मिलेगी। खेलो इंडिया प्रोग्राम से एक और उत्साहजनक परिणाम हमारी बेटियों की भागीदारी को लेकर आया है। देश के अनेक शहरों में खेलो इंडिया वीमेन्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। इनमें महिलाओं की भागीदारी काफी अधिक है। रक्षामंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ये दिखाता है कि भारत के हमारे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास आज कितना बुलंद है। आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। देश के दूर-सुदूर में भी अब बेहतर मैदान, आधुनिक स्टेडियम, आधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाई जा रही हैं। यूपी में भी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।






## सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब-करीब पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है: सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत हमारी सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब-करीब पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। बढ़ते हुए स्पोर्ट्स इंफ्रा की वजह से अब ज्यादा खिलाड़ियों के लिए खेल से जुड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार, आज खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान कर रही है। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरू हुआ है। ये नया युग विश्व में भारत को सिर्फ एक बड़ी खेल शक्ति बनाने भर का ही नहीं है। बल्कि ये खेल के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण का भी नया दौर है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत में पिछले दस-बारह वर्षों में खेलों को लेकर माहौल काफी बदला है। अब भारत बड़े-बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल साबित हो रहा है। महत्वपूर्ण है कि समाज में खेल और खिलाड़ियों के महत्व को न केवल समझा जाये बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा अवसर भी दिया जाये। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल मंत्री गिरीश यादव, सांसद राज्यसभा संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री डा.महेन्द्र सिंह, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, अवनीश पटेल व विधायक डा.नीरज बोरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। देश के दूर-सुदूर में भी अब बेहतर मैदान, आधुनिक स्टेडियम, आधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाई जा रही हैं। यूपी में भी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुल सचिव बर्खास्त, न्यूनतम, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने का आरोप

**कार्रवाई**

निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने के कारण सेवा समाप्त कर दी गई किया जाता था

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुल सचिव विश्वास त्रिपाठी की निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने के कारण सेवा समाप्त कर दी गई है। प्रभारी कुलसचिव प्रो. चंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डॉ. त्रिपाठी ने पद के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता धारण न करने के बावजूद आवेदन प्रस्तुत किया था। दस्तावेज परीक्षण समिति ने जांच के दौरान पाया कि उन्होंने अपने अनुभव से संबंधित तथ्यों को भ्रामक एवं अपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड ने अभिलेखों के परीक्षण करने के उपरांत और डॉ. त्रिपाठी को व्यक्तिगत रूप से सुनने के पश्चात, यह पाया कि उनकी नियुक्ति विधि विरुद्ध है। तथ्यों के आधार पर तत्काल प्रभाव से उनकी सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं, डॉ. विश्वास त्रिपाठी का कहना है कि पद के लिए वह पूरी योग्यता रखते हैं। उनकी ओर से उच्च न्यायालय में कुलपति के खिलाफ दायर की गई अवमानना की रिट के कारण द्वेष पूर्ण कार्रवाई की गई है। इस पर वह उच्च न्यायालय में आपत्ति दाखिल करेंगे। उनके खिलाफ वित्त में हेराफेरी का मामला भी द्वेषपूर्ण ढंग से दर्ज कराया गया है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में फीस घोटाले के आरोपों के बाद लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर बोर्ड को भी फीस को लेकर कई शिकायतें मिली थी। छात्रों ने शिकायत की थी कि कैश में फीस लेने के बाद उन्हें विवि की मोहर लगी जाली रसीद दी गई। कुछ बाहरी लोग व विवि के सीनियर छात्र जूनियरों को फीस कम कराने का झांसा देकर उनसे कैश में पैसे ले लेते थे। उसके बाद वह पैसा विवि के खातों में जमा नहीं किया जाता था।

फीस जमा नहीं होने पर परीक्षा

# पंजाब में होने वाले धार्मिक समागमों को बनाया जाएगा प्लास्टिक मुक्त

**उद्देश्य**

पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटियाला।** पंजाब में होने वाले धार्मिक समागमों के दौरान प्लास्टिक-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने सोमवार को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात की। समूची संगत से सिंगल-यूज प्लास्टिक और थमाकौल आधारित उत्पादों के उपयोग से परहेज करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि तख्त श्री केसगढ़ साहिब में हुई बैठक के दौरान पंजाब के लोगों से धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने की संयुक्त अपील जारी की गई। इस अपील के तहत समूची संगत से आग्रह किया गया है कि वे सिंगल-यूज प्लास्टिक और थमाकौल आधारित उत्पादों के उपयोग से परहेज करें। लंगर, प्रसाद और अन्य सेवाओं में। गुरु साहिबानों की शिक्षाओं के अनुरूप सेवा और प्रकृति के सम्मान को ध्यान में रखते हुए पुनः उपयोग योग्य स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाए। पवित्रता बनाए रखने में पर्यावरण की देखभाल भी शामिल है। शहरीकरण के बीच पंजाब के हरित क्षेत्र को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# खंडवा में मालगाड़ी के वैगन से एलपीजी गैस रिसाव, 3 घंटे चला रेस्क्यू

**टला हादसा**

पनवेल से जबलपुर जा रही मालगाड़ी के एक वैगन में लीकेज, प्रशासन-रेलवे की त्वरित कार्रवाई से टला हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर रविवार रात एलपीजी गैस से भरी मालगाड़ी के एक वैगन में रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। समय रहते रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया। दरअसल महाराष्ट्र के पनवेल से जबलपुर (भिटौनी) जा रही भारत पेट्रोलियम की मालगाड़ी में 32 वैगन थे। रात करीब 9:30 बजे ट्रेन आउटर पर खड़ी थी, तभी स्टाफ बदलने के दौरान गैस की तेज गंध महसूस हुई। जांच में एक वैगन से एलपीजी गैस रिसाव की पुष्टि हुई।जानकारी के अनुसार, शिफ्ट खत्म होने पर ट्रैक चेक कर रहे एक रेलवे कर्मचारी ने पहले गैस की आवाज और फिर तेज गंध महसूस की। पास जाकर देखने पर एक वैगन से तेजी से गैस निकलती दिखाई दी। कर्मचारी ने तुरंत स्टेशन प्रबंधन को सूचना दी, जिसके बाद पूरे सिस्टम को अलर्ट कर दिया गया। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी, स्टेशन प्रबंधक अरविंद साहा, आरपीएफ और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेराबंदी में लिया गया।

# कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही: गुरु खुशवंत

**प्रदर्शनी**

यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी।

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** गौरा में आपका स्वागत है। यह प्रदर्शनी आने वाले सभी लोगों के लिए खुशी, प्रेरणा और चिंतन का स्त्रोत बने। छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित तीसरी दृश्य कला प्रदर्शनी गौरा का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक महंत घासीदास संग्रहालय, राजभवन के निकट स्थित आर्ट गैलरी, रायपुर में किया। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर चार विशिष्ट अतिथि कलाकारों की सहभागिता भी रहेगी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 अप्रैल 2026 को मुख्य अतिथि श्री गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. चित्तरंजन कर ,लेखक रायपुर और वेद प्रकाश भारद्वाज,दृश्य कलाकार, कला लेखक, क्यूरेटर और संपादक, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा किया जाएगा, जो इस अवसर को गौरवान्वित करेंगे।

उद्घाटन के पश्चात प्रदर्शनी दर्शकों के लिए खुली रही। गौरा प्रदर्शनी समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम दर्शकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों की कृतियों को देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। श्री गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि मैं छत्तीसगढ़ की जीवंत और विविध कलात्मक भावना के उत्सव, सीजीपीएजी की उद्घाटन प्रदर्शनी गौरा में आपका स्वागत करता हूँ। यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसमें हमारे क्षेत्र के 100 प्रगतिशील कलाकार एक साथ आ रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य के कैनवास पर अपनी अनूठी दृष्टि और रचनात्मकता का योगदान दिया है।

# मप्र में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध, 2904 स्थानों पर हुई जाँच, 4369 गैस सिलेण्डर जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। यहां आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2904 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 751 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें एक प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भण्डार है, देश एवं प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, पेट्रोलियम पदार्थों की निरंतर सप्लाई हो सके एवं सप्लाई में कोई रुकावट न आए।

# किडनी कांड : फरार 25 हजार का इनामी डॉ रोहित गिरफ्तार

**काबू**

किडनी कांड का आरोपित रोहित कोई डॉक्टर नहीं बल्कि 12वीं पास है और खुद को डॉक्टर बताता था



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में रावतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी अस्पतालों में चल रहे किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर खरीद फिरोख्त सिंडिकेट मामले में फरार 25 हजार के इनामी फर्जी डॉ रोहित को पुलिस ने सोमवार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में उसने कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने किडनी कांड मामले में फरार इनामी डॉ रोहित की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम लगातार किडनी कांड मामले से जुड़े आरोपितों की तलाश कर रही थी। आज इस मामले से जुड़े अहम और मास्टर माइंट बताए जा रहे दिल्ली निवासी डॉ रोहित की गिरफ्तारी की गई है। उसे गिरफ्तार कर कानपुर लाया गया। जहां पर उससे पूछताछ जारी है। जांच में पुलिस को पता चला है कि किडनी कांड का आरोपित रोहित कोई डॉक्टर नहीं बल्कि 12वीं पास है और खुद को डॉक्टर बताता था। उससे पूछताछ के बाद जानकारी को पुलिस प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि कानपुर में अवैध रूप से चल रहे किडनी ट्रांसप्लांट के सिंडिकेट का कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बीती 30 मार्च 2026 को खुलासा किया था। जांच में यह तथ्य सामने आए थे कि कल्याणपुर स्थित अहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर लोगों को बरगलाते हुए चंद पैसों का लालच देकर अमीरों को मंहगें दामों में लगाई (बेची)जाती थी। इस पूरे खेल में संलिप्त अहूजा हॉस्पिटल के मालिक दंपति डॉक्टर सुरजीत आहूजा और डॉ प्रीति आहूजा समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण, महिलाओं ने मिस कॉल देकर दर्ज कराया समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण सोमवार को कानपुर जनपद के सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनपद की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। इस दौरान महिलाओं ने टोल-फ्री नंबर 9667173333 पर मिस कॉल देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन भी दर्ज कराया। विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की लगभग 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं रक्षा, अंतरिक्ष, प्रशासन, विज्ञान और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं। विधायक घाटमपुर सरोज कुरील ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व के माध्यम से हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं और सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत बन रही हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सृजन और शक्ति का आधार माना गया है तथा आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

नडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान यमुना नदी से दो शव और बरामद किये हैं

# नाव हादसा: यमुना नदी से दो और शव बरामद, मृतकों की संख्या 15 हुई

**तलाश जारी**

सोमवार को बचाव दल ने नदी से दो और शव बरामद किए हैं। अभी भी एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** मथुरा जिले में यमुना नदी में पंजाब के श्रद्धालुओं की नाव पलटने के बाद डूब कर मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। सोमवार को बचाव दल ने नदी से दो और शव बरामद किए हैं। अभी भी एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश लगातार जारी है। सोमवार को एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान यमुना नदी से दो शव और बरामद किये हैं, जिनमें एक की पहचान पंजाब निवासी यश भल्ला उर्फ युवराज के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार यश भल्ला उन 16 लोगों में शामिल थे, जो नाव पलटने के बाद यमुना के तेज बहाव में लापता हो गए थे। उनका शव केसीघाट के निकट देवराह बाबा घाट के पास झाड़ियों में फंसा मिला। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। इसके बाद बचाव दल ने बंगाली घाट के पास से एक युवती का भी शव बरामद कर लिया। जिसकी पहचान मोनिका दुगरी के रूप में हुई है। नाव हादसे में मरने वालों की संख्या अब 15 हो गई है। यह पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम चला रही है। टीम लगातार यमुना नदी में सर्च अभियान चला रही है और लापता लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही सेना की स्ट्राइक वन कोर और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमें इलाके में राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। अभी एक व्यक्ति और लापता बताया जा रहा है। उसका नाम पंकज है। उसकी खोज के लिए बचाव दल लगातार जुटे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और निजी गोताखोरों की टीमों को सात सेक्टरों में बांटकर लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ड्रोन की मदद से भी नदी और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की जा रही है। फिलहाल एक व्यक्ति अभी भी लापता है, जिसकी तलाश के लिए बचाव दल लगातार अभियान चला रहा है। प्रशासन के अनुसार जब तक लापता व्यक्ति का पता नहीं चल जाता, तब तक सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

# बंगाणा में मनाई जनरल जोरावर सिंह की जयंती

**प्रेरणा**

» जनरल जोरावर सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत



**राजन पुरी**

**ऊना।** जनरल जोरावर सिंह जयंती के अवसर पर बंगाणा चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर जनरल जोरावर सिंह को याद किया और उनके योगदान को नमन किया।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं। उनका जीवन साहस, अनुशासन और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जनरल जोरावर सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा और समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में वीरेंद्र कंवर ने कहा कि ऐसे महान वीरों की जयंती केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का अवसर होती है।

कंवर ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनरल जोरावर सिंह ने हमें सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यही गुण किसी भी व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाते हैं। इस मौके पर कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल, भूतपूर्व सैनिक राजेंद्र रिंकू, बॉलीबॉल फेडरेशन के प्रदेश सचिव मदन राणा, चरणजीत शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, कर्नल केसी शर्मा, राकेश शर्मा सहित मौजूद रहे।

### महिला मंडल फाफण ने बनाई अपनी अलग पहचान, प्रतिभा को मिला सम्मान सुशील ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर कई पुरस्कार जीतने वाला महिला मंडल फाफण आज क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। अपने दम पर आगे बढ़ते हुए इस मंडल ने न केवल सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाई, बल्कि सांस्कृतिक मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जनसेवक एवं ऊखली पंचायत के पूर्व प्रधान सुशील ठाकुर ने महिला मंडल को सामग्री उपलब्ध करवाते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मेहनत और समर्पण के कारण ही महिला मंडल ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और महिला मंडल का सफल संचालन उनकी प्रबंधन क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है।

# सरकाघाट की घटना दिल दहलाने वाली, नशा मचा रहा तांडव, कानून व्यवस्था बेपटरी : जयराम ठाकुर

**दूध**

» चक्कर में दूध बहाने की घटना ने बेनकाब किया सुक्खू सरकार के खोखले दावे



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकाघाट में जो घटना हुई है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। घर से कुछ दूरी पर ही कॉलेज जा रही एक बिटिया की निर्मम हत्या प्रदेश में कानून व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने का उदाहरण है। प्रदेश में अपराधी बेकाबू हैं।

इस घटना ने न केवल पूरे प्रदेश को शर्मसार किया है, बल्कि हर उस परिवार को डरा दिया है जिनकी बेटियां शिक्षा के लिए घर से बाहर निकलती हैं। जिस प्रदेश को हम सुरक्षित मानते थे, वहां अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए? इस घटना में शामिल लोगों के इस जघन्य अपराध की ऐसी सज़ा मिलनी चाहिए जो भविष्य में उदाहरण बने, ताकि फिर कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बिटिया की आत्मा की शांति और परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

जयराम ठाकुर ने अपने सारे कार्यक्रम निरस्त कर बिटिया के परिजनों से मिलने नेरचौक मेडिकल कॉलेज पहुंचे। परिजनों से मिलकर उन्होंने उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मृतका के पिता और उनके साथ आए लोगों ने उन्हें घटनाक्रम से अवगत करवाया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज कहने के लिए शब्द नहीं हैं। संवेदनाएं जाहिर करने की भी हिम्मत नहीं है।

# हिम अकादमी स्कूल में बैसाखी, हिमाचल दिवस व डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई




**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में बैसाखी, हिमाचल दिवस तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व, हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बैसाखी के अवसर पर पंजाब और हिमाचल की लोक संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों ने वातावरण को रंगीन बना दिया।

वहीं हिमाचल दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रदेश की परंपराओं और विरासत को दर्शाते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बालवाटिका एक, दो तथा तीन के विद्यार्थियों ने भी विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे हिमाचल दिवस एवं बैसाखी के उपलक्ष्य पर पारंपरिक वेशभूषा पहनकर आए तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

## मीट दुकान पर पैसे के विवाद में मारपीट, पिता-पुत्र और दादा घायल

**राजन पुरी**

**ऊना।** टाहलीवाल थाना क्षेत्र के तहत बाथड़ी गांव में मीट की दुकान पर पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान तीन अज्ञात युवकों ने दुकानदार और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बाथड़ी निवासी जसविंदर कुमार ने बताया कि रविवार रात्रि अपने भाई की मीट-अंडे की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान रात तीन युवक दुकान पर आए और मीट व अंडे खरीदकर ले गए। पैसे के लेन-देन को लेकर उनमें कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।

## श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी, कार्तिक स्वामी मंदिर के लिए चलेंगी पथ परिवहन निगम की स्पेशल बसें



**हामिद खान**

**चंबा।** बैसाख संक्रांति के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को कुगती स्थित ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर के कपाट खुलने जा रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए चंबा डिपो ने कमर कस ली है। इस मौके पर पत्थर परिवहन निगम 13 और 14 अप्रैल को कुगती के लिए नियमित बसों के साथ-साथ अतिरिक्त स्पेशल बसें चलाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए एडीएम भरमौर, विकास शर्मा ने बताया कि पार्किंग, पीने के पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एडीएम ने स्वयं कुगती गांव का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिये।

उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात भी कहीं उन्होंने बताया कि मणिमहेश यात्रा पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। हालांकि, सुरक्षा और वर्तमान व्यवस्थाओं को देखते हुए श्रद्धालुओं को फिलहाल वहां न जाने की सलाह दी गई है। यात्रियों से अपील है कि वे केवल निर्धारित समय और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही अपनी यात्रा प्लान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फेसबुक की राजनीति से बाहर निकलें विक्रमादित्य, वरना जनता देगी करारा जवाब : विक्रम ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** पूर्व मंत्री एवं जसवां-प्रागपुर से विधायक विक्रम ठाकुर ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि आजकल वह फेसबुक और बयानबाजी की राजनीति कर खुद को बड़ा नेता साबित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री जैसे वरिष्ठ नेताओं पर कीचड़ उछालकर कोई भी व्यक्ति बड़ा नहीं बन सकता, बल्कि इससे उनकी अपनी राजनीतिक कमजोरी और हताशा ही उजागर होती है।

विक्रम ठाकुर ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि अपनी ही सरकार और पार्टी में हाशिए पर जा चुके विक्रमादित्य सिंह अब सुर्खियों में बने रहने के लिए अमर्यादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली दरबार में नंबर बनाने और हाईकमान की गुड बुक में आने की लालसा में वह हिमाचल की राजनीतिक संस्कृति को तार-तार कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि बीते साढ़े तीन वर्षों में लोक निर्माण विभाग पूरी तरह फेल साबित हुआ है। प्रदेश की सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आज तक मलबा नहीं हट पाया है और टेंडर प्रक्रिया भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। जहां विकास की जरूरत थी, वहां लूट का खेल चल रहा है।

विक्रम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के ही चार विधायकों ने विक्रमादित्य सिंह की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाकर उनकी कार्यक्षमता की पोल खोल दी। लेकिन जवाब देने के बजाय मंत्री सदन में चुप्पी साधे बैठे रहे।

यह पहली बार है जब कोई मंत्री सदन के सवालों का जवाब देने से बचता हुआ चेंबर में बुलाने की बात करता है — इससे बड़ा लोकतंत्र का अपमान क्या हो सकता है?

उन्होंने आगे कहा कि ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो रहा, सरकारी भवनों का काम ठप पड़ा है, अस्पतालों में ताले लग रहे हैं और विभागीय अव्यवस्था चरम पर है।

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान अतुलनीय, संविधान से रखी आधुनिक भारत की मजबूत नींव : डॉ. राजीव बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**



**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का योगदान भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय एवं अतुलनीय है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित हो और राष्ट्रहित में कार्य करो का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए राष्ट्र प्रथम के संदेश में भी बाबा साहब के विचारों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकारों ने बाबा साहब को वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनके खिलाफ चुनावों में प्रचार किया और उन्हें संसद से दूर रखने का प्रयास किया।

# जिला आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर महासंघ के अरविंद कुमार बने प्रधान

**राजन पुरी**



**ऊना।** जिला आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर महासंघ ऊना की आम सभा की महत्वपूर्ण बैठक जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में हुई। जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी की देखरेख में पारदर्शी तरीके से करवाई गई। सभी सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

नई कार्यकारिणी में अरविंद कुमार को प्रधान चुना गया है, जबकि प्रेम पाल को वरिष्ठ उप प्रधान और जोगिंद्र सिंह को सचिव बनाया गया है। उप प्रधान के रूप में देश राज और सीमा रानी को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद पर सुरेंद्र कुमार और नवीन कुमार का चयन किया गया है।

कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिनेश कुमार को सौंपी गई है। लेखा परीक्षक के रूप में विकास कुमार और शशिपाल को नियुक्त किया गया है, जबकि जगत पाल को सलाहकार बनाया गया है। नव-निर्वाचित प्रधान अरविंद कुमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारियों के हितों की रक्षा और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए संगठन को नई दिशा देने का भरोसा दिलाया।

### हरोली उत्सव के दौरान युवक पर कड़े से हमला, लहूलुहान हालत में पहुंचाया अस्पताल

**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली के रोड़ा में चल रहे हरोली उत्सव के दौरान दूसरी सांस्कृतिक संध्या में एक युवक पर कड़े से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में विभांशु राणा निवासी बढेड़ा ने बताया कि अपने दोस्तों के साथ रविवार रात हरोली उत्सव देखने गया था। उत्सव समाप्त होने के बाद जब वह अपने साथी जतिन के साथ पार्किंग में खड़ी गाड़ी की ओर जा रहा था, तो वहां इंद्र सिंह निवासी हरोली अपने एक युवक के साथ बहस कर रहा था।

जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी इन्द्र सिंह ने पहले उसके दोस्त के साथ बहस की और फिर विभांशु राणा के साथ धक्का-मुक्की करते हुए रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इसी दौरान इन्द्र सिंह ने अपने हाथ में पहने कड़े से विभांशु के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके सिर पर खून से लथपथ चोट लग गई।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: महिला, नेतृत्व वाले लोकतंत्र की ओर भारत का सबसे बड़ा कदम : पूजा सल्होत्रा

**चमन शर्मा**



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यालय सचिव पूजा सल्होत्रा ने केंद्र सरकार द्वारा पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाकर उन्हें नीति-निर्माण के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। पूजा सल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्षों से लंबित महिला आरक्षण के मुद्दे को साकार रूप दिया है, जिससे अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने इसे 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से देश की राजनीति में महिलाओं की भूमिका पहले से अधिक प्रभावशाली और निर्णायक होगी। इससे न केवल महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी भी व्यापक रूप से बढ़ेगी।

पूजा सल्होत्रा ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मातृत्व लाभ जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया गया है।

अंत में उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले समय में भारत की राजनीति की तस्वीर बदल देगा।

### भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

**राजन पुरी**

**द्रड्ड।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ढगो, कांगू एवं आसपास के क्षेत्रों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बाबा रविदास मंदिर कमेटी ढगो, कांगू तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा नादौन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिकंदर कुमार (महासचिव, भाजपा हिमाचल प्रदेश एवं राज्यसभा सांसद) ने मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सिकंदर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक समानता के लिए समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को देगा 33 प्रतिशत अधिकार : कमलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भाजपा नेत्री एवं महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को शीघ्र लागू कर महिलाओं को नीति निर्माण में उनका उचित स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज भारत की आर्थिक प्रगति में महिलाओं की भूमिका केवल सहभागिता तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता की अग्रणी शक्ति बन चुकी हैं। कमलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार बनाया गया है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में महिलाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत हर एक रुपये में से लगभग 68 पैसे महिलाओं को दिए गए हैं और वर्ष 2015 से अब तक महिलाओं को 14.72 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण प्राप्त हुआ है, जिससे लाखों महिलाओं ने अपना व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भरता हासिल की है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जनधन खाते खोले जा चुके हैं, जो वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में एक बड़ी क्रांति है।

# भाजपा 14-अप्रैल को पूरे उत्साह के साथ मनाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती : राकेश ठाकुर




**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती को पूरे उत्साह के साथ मनाएगी। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 14 अप्रैल भारत के संविधान के शिल्पकार और समान अधिकारों के प्रखर समर्थक डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का दिन है। वर्ष 2026 में राष्ट्र उनकी 135वीं जयंती मना रहा है, जो शिक्षा तक समान पहुंच, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और प्रत्येक नागरिक के लिए आजीविका समानता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

राकेश ठाकुर ने जानकारी दी कि 14 से 19 अप्रैल तक जिला के प्रत्येक मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 अप्रैल को जिला स्तर पर टौणी देवी मंदिर परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता डॉ. आंबेडकर के आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को स्मरण करेंगे। राकेश ठाकुर ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्व को तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व द्वारा बार-बार नजरअंदाज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय के प्रमुख नेता जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर की बढ़ती लोकप्रियता से असहज थे, जिसके चलते उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया।

## चंबा में चिट्टे की खेप के साथ पकड़ा युवक

**हामिद खान**

**चंबा।** एसआईयू पुलिस दल ने गुप्त सूचना के आधार पर चम्बा-सिढ़कुंड मार्ग पर हरिपुर जल शक्ति विभाग के टैंक के पास एक युवक को चिट्टे के साथ पकड़ा है।

पुलिस ने इस बारे में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 2 बजे हरिपुर के पास नाकेबंदी की हुई थी। इस दौरान विशाल कुमार शर्मा पुत्र प्रकाश चंद शर्मा निवासी गांव डूला डाकघर सरू वहां से गुजर रहा था ।

इस दौरान पुलिस दल को उस पर कुछ शक हुआ पुलिस ने उस से पूछताछ करना शुरू की तथा तलाशी करने के बाद युवक के कब्जे से 3.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सदर थाना चम्बा में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि चिट्टे के बारे में जानकारी जुटाई जा सके कि कहां से चिट्टा लाया था और यह काम कब से कर रहा था।

गौरतलब है कि जिला चम्बा में पुलिस की सख्ती के बावजूद चिट्टे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान पकड़े गए मामलों में पाया गया कि मामले में संलिप्त अधिकतर युवा ही हैं।

## चलोला पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का भव्य स्वागत

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार सोमवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के चलोला पहुंचे, जहां जिला कांग्रेस कमिटी ऊना द्वारा उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया गया।



इस मौके पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह पुष्प वर्षा व नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस कमिटी ऊना के अध्यक्ष देशराज गौतम ने की।

जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष देशराज ने प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस दौरान विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत और रणनीति के साथ मैदान में उतरें, ताकि कांग्रेस हर स्तर पर मजबूती के साथ उभर सके।

# हिमाचल दिवस पर मंडी के सेरी मंच पर ध्वजारोहण करेंगे लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह हिमाचल दिवस के अवसर पर मंडी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 15 अप्रैल को ऐतिहासिक सेरी मंच, मंडी में आयोजित इस समारोह में लोक निर्माण मंत्री सुबह 11.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे और भव्य मार्चपास्ट की सलामी लेंगे तथा अपना संदेश देंगे। लोक निर्माण मंत्री इससे पहले इंदिरा मार्केट परिसर स्थित संकन गार्डन में शहीद स्मारक तथा गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। हिमाचल दिवस के इस समारोह में देशभक्ति और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि समारोह में पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड



तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। परेड के माध्यम से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और युवा शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन किया जाएगा।

समारोह में स्थानीय स्कूलों व विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, वहीं लघु नाटिका के माध्यम से जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी संदेश दिया जाएगा।

प्रवास कार्यक्रम के अनुसार लोक निर्माण एवं शहरी आवास मंत्री 14 अप्रैल को सायंकाल मंडी पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह मंडी में होगा। 15 अप्रैल को जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के उपरांत वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन, सहित संबंधित विभाग समारोह के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मंडीवासियों से आह्वान किया कि हिमाचल दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समारोह की गरिमा बढ़ाएं और प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के इस उत्सव में सहभागी बनें।

## जेलरोड शिव मंदिर के पास खुले शराब ठेके का विरोध, महिलाओं ने डीसी से लगाई गुहार

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** मंडी शहर के जेलरोड स्थित शिव मंदिर के समीप हाल ही में खोले गए शराब के ठेके को लेकर स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं में भारी रोष देखने को मिल रहा है। क्षेत्र की महिलाओं ने एकजुट होकर इस ठेके के खिलाफ आवाज उठाई और उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मुलाकात कर ठेका बंद करने या इसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की।

स्थानीय निवासी नीलम राणा, गुरमीत राणा और शिव शक्ति महिला मंडल की प्रधान सरोज चंदेल ने बताया कि यह ठेका रिहायशी इलाके के बीचों-बीच खोला गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ठेके की दूरी मंदिर से मात्र 50 मीटर है, जो धार्मिक आस्था के दृष्टिकोण से भी उचित नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि पहले भी इस स्थान पर शराब के सेवन के कारण दो लोगों की जान जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

महिलाओं का कहना है कि ठेका खुलने के बाद से इलाके में नशेड़ियों और शरारती तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस ठेके को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए या इसे किसी सुनसान अथवा गैर-रिहायशी क्षेत्र में शिफ्ट किया जाए। क्षेत्र की पार्षद सुदेश कुमारी ने भी महिलाओं की मांग को जायज ठहराते हुए उपायुक्त से इस मामले में जल्द कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाकों में इस प्रकार के ठेके खोलना उचित नहीं है और इससे सामाजिक माहौल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस ठेके को जल्द से जल्द दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए।

# अफसरों की लड़ाई, माफियाओं का राज-सुक्खू सरकार पूरी तरह बेनकाबः राकेश जम्बाल

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्बाल ने चेस्टर हिल विवाद को लेकर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में शासन नहीं, बल्कि अफसरशाही की खुली लड़ाई चल रही है। सरकार के शीर्ष अफसर आपस में उलझे हुए हैं और मुख्यमंत्री को इसकी कोई खबर तक नहीं है। यह स्थिति बताती है कि प्रशासनिक तौर पर मुख्यमंत्री सुक्खू की पकड़ पूरी तरह कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि एक ओर प्रदेश के अफसर सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर झूठे विकास के किस्से सुनाने और बेबुनियाद आंकड़े गिनाने में व्यस्त हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि उनकी नाक के नीचे उनके ही अधिकारी किस तरह सरकार की साख को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की स्थिति ऐसी हो गई है कि सरकार और अफसरों ने मिलकर हिमाचल को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। हर विभाग में अव्यवस्था, मनमानी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। न तो कोई जवाबदेही है और न ही किसी को कानून का डर। यही कारण है कि चेस्टर हिल जैसे मामलों में सच्चाई सामने आने के बजाय अफसर एक-दूसरे पर आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। जम्बाल ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और समझ रही है कि यह सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। विकास ठप है, कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने सरकाघाट में हुई 19 वर्षीय छात्रा की निर्मम हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली है। दिनदहाड़े एक बेटी का गला काटकर हत्या कर दी जाती है और सरकार मूकदर्शक बनी रहती है। यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का स्पष्ट उदाहरण है। आज बेटियों का घर से बाहर निकलना भी सुरक्षित नहीं रह गया है। राकेश ने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है, नशा माफिया, खनन माफिया और अन्य अवैध गतिविधियों में लगे गिरोह खुलेआम तांडव कर रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री और उनकी सरकार को इन सबकी कोई चिंता नहीं है।

# डे-केयर सेंटर डियारा सेक्टर में निशुल्क जांचा लोगों का स्वास्थ्य

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक डे.केयर सेंटर डियारा में आज सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा। शिविर में कुल 19 बुजुर्गों और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने सभी उपस्थित नागरिकों की रक्तचाप और ब्लड शुगर की विस्तृत जांच की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रात:कालीन सैर और नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी तथा धूम्रपान और अन्य नशों से दूर रहने पर जोर दिया। मानव सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन एवं संस्थापक एडवोकेट प्रकाश चंद बंसल ने शिविर के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त



करते हुए कहा कि ट्रस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है और ऐसे शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे ताकि वरिष्ठ नागरिकोंएबच्चों और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हो सकें। इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रबंधक रवि कुमार, स्टाफ नर्स शैलजा कुमारी तथा पूर्ण चंद, राजपाल, सरला देवी, मधुमति, विमला राठौर, आदि।

# बिलासपुर से द्रोबड़-कोल हवाणी रूट बस आए दिन होती है खराब, सुध ले निगमः सुभाष ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर। भाजपा सदर बिलासपुर उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने एचआरटीसी प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि निगम द्वारा द्रोबड़-कोल हवाणी के लिए खराब बस भेजी जाती है, जो कि आए दिन रास्ते में खड़ी हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर से द्रोबड़-कोल हवाणी गांव के लिए निगम की बस की हालत इस कदर दयनीय है कि यह बस हर तीसरे चैथे दिन रास्ते में ही खराब हो जाती है तथा उस पर हैरानी की बात यह है कि इस खराब बस को बीच सड़क में ही खड़ा कर दिया जाता है। जिससे चैपहिया वाहन गुजरने को भी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि इस इलाके से स्कूल, कालेज जाने वाले बच्चों तथा सरकारी मुलाजिमों के लिए भी सड़क पर बस का खड़े रहना परेशानी का सबब बना रहता है। यदि बस खराब हो भी जाती है तो उसे धक्का आदि देकर किनारे पर सुरक्षित किया जा सकता है। लेकिन चालक परिचालक द्वारा बीच सड़क में ही बस को खड़ा कर चले जाना समझ से परे हैं। उन्होने कहा कि इस समस्या को लेकर परेशानी तब ज्यादा बढ़ जाती है जब कोई बीमार व्यक्ति को अस्पताल लाना हो। सुभाष ठाकुर ने क्षेत्रिय प्रबंधक एचआरटीसी से मांग की है कि इस मार्ग पर दुरूस्त बसों को भेजा जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा समय पर लोग घर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मीलों का पैदल सफर करके ही यदि घर पहुंचना हो तो परिवहन सुविधा का क्या लाभ। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि रास्ते में बस खराब हो जाती है, और संभव हो तो बस को किनारे पर लगाने का दायित्व चालक परिचालक निभाए। सुभाष ठाकुर ने कहा कि चूंकि यह समस्या गंभीर है और आए दिन इस प्रकार की परेशानी से ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है।

## दुग्ध उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने हेतु प्रबंधन द्वारा लगाए गए खरीद संबंधी शर्तों को तुरंत वापस लिया जाए



टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** हिमाचल किसान सभा का एक प्रतिनिधिमंडल मंडी क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों की समस्याओं को लेकर जिला उपाध्यक्ष परस राम की अध्यक्षता में चक्कर मंडी स्थित चिलिंग प्लांट के प्रबंधक विश्वनाथ शर्मा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने दुग्ध उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने हेतु एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि प्रबंधन द्वारा लगाए गए खरीद संबंधी शर्तों को तुरंत वापस लिया जाए, विशेषकर वह शर्त जिसमें महीने में दो बार दूध न लेने का निर्णय शामिल है। किसानों ने आरोप लगाया कि जो किसान दुग्ध उत्पादन में लगे हुए हैं, उनका दूध नहीं लिया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस विरोधाभास के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि बीते दिन जब उनका दूध नहीं लिया गया तो मजबूर होकर उन्होंने रोष स्वरूप दूध को सड़कों पर उंडेल दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि चक्कर मिल्क प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाए ताकि मंडी जिले के सभी किसानों का दूध खरीदा जा सके। इसके अतिरिक्त, दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान न होने की समस्या भी उठाई गई। किसानों ने मांग की कि दूध की कीमत और परिवहन का भुगतान प्रत्येक माह की 10 तारीख तक सुनिश्चित किया जाए,

## उम्र के इस पड़ाव में पैंशनर्ज को पैंशन से मोहताज न करे सरकारः हुक्म सिंह ठाकुर

बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।

हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज ज्वाइंट फ्रंट के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा, मुख्य सयोंजक हरीश शर्मा, महासचिव ठाकुर हुकम सिंह, अतिरिक्त महासचिव लेख राम कौण्डल, मुख्य प्रवक्ता कल्याण भण्डारी, रविदत भारद्वाज, मीडिया प्रभारी कुलदीप गुलेरिया तथा उपप्रधान अश्वनी शर्मा ने प्रेस को जारी एक संयुक्त वक्तव्य में प्रदेश के पैंशनर्ज की पीड़ा का एहसास करवाते हुए कहा है कि प्रदेश के पैंशनर्ज अपनी वृद्धावस्था में कई घातक बीमारियों से घिरने के कारण और जीवन के चैथे पहर में भी आर्थिक तंगी से पारिवारिक जिम्मेवारियां न निभा पाने के कारण हताश और निराश है। पथ परिवहन निगम के पैंशनर्ज को समय पर पैंशन न मिलना, कार्पोरेट सैक्टर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पैंशन से वंचित रखना

## महाविद्यालयीन जोगिंद्रनगर में श्रीनिवासा रामानुजन डिजिटल योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्ननगर में 13 अप्रैल को श्रीनिवासा रामानुजन डिजिटल योजना के अंतर्गत दस मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रकाश चौहान ने की। इस योजना के तहत,शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले, इन स्नातक विद्यार्थियों को 16 हजार रुपए( प्रति विद्यार्थी )के वाऊचर प्रदान किए गए। सम्मानित छात्र-छात्राओं में सक्षम बी एस सी,अंशुल शर्मा बी एस सी, दृष्टि बी एस सी,मानिक बीकॉम, पायल बीकॉम, नेहा बी एस सी, प्रियांशी बी एस सी,अवंतिका बी एस



सी,अनामिका ठाकुर बी एस सी तथा अनु देवी बीकॉम थे। प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इनकी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत तथा अनुशासित जीवन को जाता है।विद्या का लक्ष्य केवल धन कमाना नहीं है अपितु विनम्र बनना तथा एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है । इस मौके पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर दीपक मोहन तथा अन्य प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहे।अंत में डॉ दीपक मोहन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस समय यह छात्र छात्राएं प्रतिष्ठित संस्थानों से स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।

# दूध के नाम पर झूठ बोलते है मुख्यमंत्री : जयराम ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी,** पूरे देश में जाकर मुख्यमंत्री जी खुद को किसान हितैषी बताते हैं। दूध के नाम पर झूठ बोलते हैं जबकि प्रदेश में दुग्ध उत्पादक अपना दूध सड़कों पर फेंकने को मजबूर हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया में चक्कर चिलिंग प्लांट के मुख्यद्वार पर दुग्ध उत्पादक द्वारा उड़ेले गए दूध पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में यही हाल है। रामपुर, आनी, बंजार और बल्ह के इलाकों में दूध न खरीदने और ख़रीदे गए दूध के पैसों का भुगतान न होने को लेकर आए दिन झड़प देखने को मिल रही है। एक-एक बूँद दूध के लिए किसान को कितनी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद भी यह हाल। सरकार यहाँ भी अपनी नाकामी छिपाने के लिए दुग्ध उत्पादकों को ही प्रताड़ित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ़ झूठ बोलकर अपनी जवाबदेही से भागते हैं, यह नहीं चलेगा।

सरकार को लोगों का पूरा दूध ख़रीदना होगा और दूध भंडारण क्षमता बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने होंगे। हमारी सरकार के समय दत्तनगर और चक्कर मिल्क प्लांट में बीस हज़ार से 50-50 हज़ार लीटर बढ़ाई गई थी लेकिन इस सरकार में इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हुए

## रोपड़ी कहलेडू पंचायत का वार्ड नंबर तीन खजूर महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित


टीम एक्शन इंडिया
संगराय




**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश में पंचायती राज चुनावों को लेकर रोस्टर जारी होने के बाद आरक्षण को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए है। जोगिंद्रनगर विधान सभा चुनाव क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोपडी कहलेडू के वार्ड नंबर 3 खजूर में एक भी मतदाता अनुसूचित जाति का नहीं होने के बावजूद इस वार्ड को महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर देने पर पंचायत के लोग हैरान हैं। इस रोस्टर ने विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनाव के लिए जारी हुए रोस्टर ने अब बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। ग्राम पंचायत रोपड़ी कलहेडू के वार्ड खजूर में ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि रोस्टर बनाते समय जमीनी हकीकत को नजरअंदाज किया गया। स्थानीय लोगों में इस फैसले को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि इस तरह के निर्णय न केवल लोकतंत्र की भावना के खिलाफ हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हैं।स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की मांग है कि इस रोस्टर की तुरंत समीक्षा कर ग्राउंड लेवल पर सही आंकड़ों के आधार पर संशोधन किया जाए। पंचायत के पूर्व प्रधान अजय बरवाल ने कहा कि उन्होंने इस विषय को ब्लॉक में भी उठाया है जिस पर उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि इस बारे विभाग को अवगत कराया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने कहा कि मामला उनके ध्यानार्थ आया है । फील्ड से रिपोर्ट तलब कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जोगिंद्रनगर के धावक एथलेटिक्स सावन बरवाल ने शिवनाथ सिंह का 48 साल पुराना मैराथन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

टीम एक्शन इंडिया
संगराय



**जोगिंद्रनगर।** रविवार को सावन बरवाल ने इतिहास रचते हुए नीदरलैंड में आयोजित मैराथन में 48 साल पुराना भारतीय मैराथन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 2 घंटे 11 मिनट 58 सेकंड का समय निकालकर एलीट मैराथन दौड़ में 20वां स्थान हासिल किया और 1978 से कायम 2:12:00 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो शिवनाथ सिंह के नाम था इस दौड़ में भारत के एक अन्य धावक गोपी थोंकाल ने 2:13:16 का समय लेकर 23वां स्थान प्राप्त किया। सावन के लिए यह उनका पहला मैराथन था, जो उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। उन्होंने 2026 एशियन गेम्स के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित 2:15:00 के क्वालिफिकेशन मानक को भी हासिल कर लिया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंद्रनगर क्षेत्र के एक गांव से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय सावन बरवाल ने कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद खुद को एक बेहतरीन लंबी दूरी के धावक के रूप में स्थापित किया है। उनका यह प्रदर्शन उनकी मेहनत का परिणाम है, जहां उन्होंने हिमाचल की पहाड़ियों से निकलकर रॉटरडैम की सड़कों पर अपनी पहचान बनाई। के दौरान सावन 21 किलोमीटर (हाफवे) तक 1:04:43 के समय के साथ 27वें स्थान पर थे, जबकि गोपी 1:04:44 के साथ 33वें स्थान पर थे। 35 किलोमीटर के बाद सावन 19वें स्थान तक पहुंच गए, लेकिन अंत में एक स्थान नीचे खिसककर 20वें स्थान पर रहे। सावन ने 2022 में फेडरेशन कप नेशनल चैंपियनशिप में 10,000 मीटर में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उसी साल उन्होंने गुजरात में आयोजित नेशनल गेम्स में 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता। 2023 में दुबई में आयोजित एशियन हाफ मैराथन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया। 2024 में उन्होंने फेडरेशन कप में 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। साल 2025 उनके करियर का सबसे सफल वर्ष रहा, जिसमें उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीते, फेडरेशन कप में 10,000 मीटर का स्वर्ण और भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में 5000 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। कोच गोपाल ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने वाले सावन दिल्ली हाफ मैराथन और वर्ल्ड 25च्च कोलकाता रन में भी नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उन्होंने 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय एलीट धावकों के बीच स्वर्ण पदक जीता था।

स्कूल के दिनों से ही खेलों में रुचि रखने वाले सावन ने बैडमिंटन से लेकर एथलेटिक्स तक कई खेल खेले। एक स्कूल प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद उन्होंने एथलीट बनने का फैसला किया। इसके बाद उन्होंने ज़ोनल और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते और वर्ष 2019 में भारतीय सेना में शामिल हो गए।

## सतलुज महाआरती से बैसाखी मेले का शुभारंभ

बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

कसोल (कोलडैम) में बैसाखी मेला समिति एवं कसोल विकास मंच द्वारा आयोजित बैसाखी मेले के उपलक्ष्य पर सतलुज महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कोल डैम के एचओपी एसएस राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर महाआरती का शुभारंभ किया। मंत्रोच्चारण और पारंपरिक विधि-विधान के साथ सतलुज मां की आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि एसएस राव ने अपने संबोधन में कहा कि सतलुज नदी हमारी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है।

# युवती की गला रेत कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** जिला मंडी के उपमंडल सरकाघाट के गोपालपुर में एक युवक द्वारा तेजधार हथियार से कालेज पढ़ने वाली एक 19 वर्षीय युवती की गला और बाजू काटकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीणों की मदद से जंगल में पकड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी विकास पटियाल (36) नशे का आदि बताया जा रहा है। वह सरकाघाट के गोपालपुर के पटयालग गांव का रहने वाला है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार-आरोपी ने नशे में ही युवती का मर्डर कर



डाला। अब तक की जांच में हत्या की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई। यह घटना मंडी जिले के सरकाघाट के गोपालपुर क्षेत्र की है। युवती सुबह के समय अपने घर से कॉलेज को निकली थी। रास्ते में विकास पटियाल ने उसकी हत्या कर दी और खुद मौके से फरार हो गया। मृतक युवती की पहचान 19 वर्षीय सिया गुलेरिया पुत्री जोगिंद्र कुमार गांव नैण सरकाघाट मंडी के तौर पर हुई है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम मौके पर है और जांच में जुटी है। शव कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सिहड़ा पंचायत में नारी शक्ति सम्मान समारोह में किया मातृ शक्ति का सम्मान

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर


**बिलासपुर,** जिला परिषद बरमाणा वार्ड की ग्राम पंचायत सिहड़ा में नारी शक्ति को समर्पित एक भव्य सम्मान समारोह काआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता व समाजसेवी रोहित ठाकुर ने की। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं और महिला मंडलों ने भाग लेकर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति सम्मान के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को उनके अधिकारों, समाज में उनकी भूमिका और सशक्तिकरण के



विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के सम्मान और उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में बरमाणा वार्ड के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक पंचायत में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके और उन्हें समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जा सके। समारोह के दौरान महिला मंडलों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को भी गंभीरता से सुना गया। महिलाओं ने अपनी स्थानीय समस्याओं को मंच के माध्यम से रखा, जिस पर रोहित ठाकुर ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा

## बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर तैयारियां पूर्णः एसआर कौंडल

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर,** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला बिलासपुर प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल ने प्रैस को जारी बयान में कहा है कि 14 अप्रैल को भारत रतन बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर जी की राज्य स्तरीय जयंती कार्यक्रम मंडी के बल्ह स्थित कंसा चैक ष्द्धश्2द्म में बड़े हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जिसकी सारी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला के पांच खंडो से करीब पांच सौ लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को सभी खंडों से गाडि़यां भगेड़ फलाई ओवर के समीप एकत्रित होंगी तथा नौ बजे एक विशाल रैली की शक्ल में मंडी के लिए कूच करेंगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीतिक कार्यक्रम है तथा इसमें संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि प्रधान महासचिव तारा चंद रणौट सहित अन्य गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधान भानू राम आजाद की रहनुमाई में होगा।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध-डॉ. शांडिल

बैठक

## कण्डाघाट में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में आज कण्डाघाट में नागरिक अस्पताल सायरी, चायल तथा कण्डाघाट की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समिति की आय एवं व्यय पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। डॉ. शांडिल ने इसके उपरांत मिनी सचिवालय भवन में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कण्डाघाट के सौजन्य से 21 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बैठक सभागार का लोकार्पण भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए 03 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी ताकि लोगों को उनके घर के पास ही सुलभ और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दूर-दराज क्षेत्रों तक लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती चरणबद्ध तरीके से की जा रही है और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिगत अस्पताल में अनेकों सुधार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों सहित पर्याप्त स्टाफ और अन्य आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करवाई जा रही हैं। डॉ. शांडिल ने सभी को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रोगी कल्याण समिति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों से परस्पर संवाद के माध्यम से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में रोगी कल्याण समिति अस्पताल सायरी, कण्डाघाट तथा चायल का आगामी वित्त वर्ष का बजट भी प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न मामलों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट एवं सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति गोपाल शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा क्रमवार मदों को प्रस्तुत किया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह ने मुख्यातिथि के समक्ष अस्पताल के विभिन्न मुद्दों की जानकारी दी और रोगी कल्याण समिति की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस महासचिव रमेश ठाकुर, राहुल ठाकुर, सेवानिवृत्त कर्नल डॉ. संजय शांडिल, कांग्रेस के मनीष ठाकुर, नारायण सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कण्डाघाट ओम प्रकाश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शुभम अग्रवाल सहित रोगी कल्याण समिति के सरकारी तथा गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# कसौली में भीषण अग्निकांड, 125 साल पुरानी हेरिटेज मार्केट की 10 दुकानें खाक

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल वर्मा**



**कसौली।** हिमाचल प्रदेश की प्रमुख पर्यटन नगरी कसौली में सोमवार तड़के भीषण अग्निकांड हो गया। सुबह करीब साढ़े चार बजे 125 साल पुरानी हेतेज मार्केट में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत की। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सभी दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थीं।

जानकारी के अनुसार कुछ दुकानों में रखे गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग एक दुकान से शुरू होकर तेजी से अन्य दुकानों तक फैल गई। इस अग्निकांड में करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर तक अधोसंरचना विकास को दे रही प्राथमिकता-डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर तक अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता प्रदान कर रही है ताकि लोगों को बेहतर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कण्डाघाट उपमण्डल की ग्राम पंचायत झाझा में कशौला खड्ड से चौहड़ा तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण के लिए आयोजित भूमि पूजन के उपरांत एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि कशौला खड्ड से चौहड़ा गांव तक लगभग 06 किलोमीटर लम्बे सम्पर्क मार्ग के निर्माण पर 5.90 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस सम्पर्क मार्ग के निर्माण से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चायल की दूरी 14 किलामीटर कम होगी। उन्होंने कहा कि अश्वनी खड्ड पर 14 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य भी शीघ्र आरम्भ किया जाएगा। डी.डी.एल. फैक्टरी से कशोला खड्ड तक सड़क के सुधारीकरण पर 3.40 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सड़कें विकास की भाग्य रेखाएं हैं और सोलन विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के अंतर्गत कशौला खड्ड से चौहड़ा गांव तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण एवं उन्नयीकरण के कार्य से न केवल स्थानीय ग्राम पंचायत झाझा और सैंज के लोगों को बल्कि चायल के आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी लाभ पहुंचेगा।

## राजस्व मंत्री ने रिकांग पिओ में विशेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की अध्यक्षता की

किन्नौर। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर के रिकांग पिओ स्थित एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की अध्यक्षता की और गत बैठक में दिए गए निर्देशों का अद्यतन ब्यौरा मांगा। श्री जगत सिंह नेगी ने साडा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साडा के तहत आने वाले क्षेत्र में सूखे व गीले कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित बनाएं। मंत्री ने साडा के तहत दिसम्बर, 2025 से मार्च माह तक हुए डोर-टू-डोर सेवा शुल्क की राशि व खुले में कचरा फैंकने वालों के हुए चालान से अर्जित की गई

# कर्मचारियों के संयम का बांध टूटा, हिमाचल दिवस पर महंगाई भत्ते और एरियर की घोषणा करें सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ जिला सिरमौर ने सरकार से कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की लंबित किश्तें तथा संशोधित वेतनमान के एरियर की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, राज्य विशिष्ट सदस्य नरेंद्र नेगी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर आई डी राही, राज्य संरक्षक रमेश नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, महिला विंग सिरमौर अध्यक्ष संध्या चौहान, जिला सिरमौर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, महासचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लाल सिंह ठाकुर तथा अन्य सभी राज्य एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने आदि प्रतिनिधियों के कहा कि हिमाचल प्रदेश की कर्मचारी पिछले लंबे समय से मुख्यमंत्री के आश्वासन पर विश्वास कर अपने वित्तीय लाभों की प्रतिक्षा कर रहे हैं। परंतु वर्तमान सरकार के लगभग साढ़े तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी महंगाई भत्ते की एक किस्त ही जारी की गई है। उसमें भी एक प्रतिशत कम दिया गया जबकि बाकी बकाया किस्त अभी लंबित है। इसके अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़ कर बाकी सभी कर्मचारियों के संशोधित वेतनमान का एरियर वर्षों से लंबित है। प्रवक्ता संघ ने आशा व्यक्त की है कि हिमाचल दिवस के अवसर पर निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश के

# 15 सौ करोड़ रूपए के हिलभूमि खरीद घोटाले में प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी को तुरंत पद से हटाने की उठाई काजल ने पद से हटाने उठाई मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने लगभग 15 सौ करोड़ रूपए के कथित चेस्टर हिलभूमि खरीद घोटाले में प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी का नाम आने पर सरकार से उन्हें शीघ्र पद से हटाकर मामले की निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाने की मांग की है। काजल ने कहा चेस्टर हिल मामले से पूर्व के मुख्य सचिवों में चली व्यानवाजियां चिंता का विषय है। प्रदेश में ऐसी स्थिति पहली बार बनी जब वरिष्ठ अधिकारी सार्वजनिक रूप में एक दूसरे के सामने खड़े है। जो प्रदेश के भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।काजल ने कहा हरियाणा में दो बरिष्ठ अधिकारियों पर कथित भर्ष्टाचार के आरोप लगने उपरांत वहाँ की भाजपा सरकार ने दोनों आईएएस अधिकारियों को पद से हटाकर उनके विरुद्ध जाँच विठाई जब कि हिमाचल सरकार अपने मुख्य सचिव का सरंक्षण कर अधिकारियों कि आपसी रंजिश का हवाला देकर कथित भर्ष्टाचार को शेल्टर दे रही है। काजल सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के कोहाला में बोल रहे थे। उन्होंने प्रदेश सरकार से चेस्टर हिल मामले कि निष्पक्ष जांच करवाने कि मांग की। उन्होंने कहा अधिकारियों के बीच आरोप- प्रत्यारोप सरकार के भीतर समन्वय की कमी को दर्शाते है। उन्होंने कहा शीघ्र ही कांगड़ा शहर में प्रदेश सरकार विरुद्ध भाजपा जन आक्रोश रैली निकालकर प्रदेश कांग्रेस सरकार की नाकामियों की पोल खोलेगी। काजल ने कहा कोहाला से मंदल कों जोड़ने के लिए पुल का निर्माण होने से ग्रामीणों को धर्मशाला आने जाने में पांच किलोमीटर सफर कम होने से सुविधा मिली है। मटोर राजकीय डिग्री कॉलेज के नबनिर्मित भवन में कक्षाएं शुरू होने से स्थानीय युवाओं को वेहतर उच्च शिक्षा सुविधा मिली है। काजल ने गांव के बाबा सूरदास मंदिर में आयोजित 35वे भंडारे में भी भाग लिया। इस मौके पर विनोद कुमार (पूर्व उपप्रधान, ग्राम पंचायत कोहाला), विक्की कुमार, रवि कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक चौधरी, सुधीर, अजय कुमार, आशीष कुमार, संगम चौधरी, साहिल कुमार, रोहित कुमार, शशि कुमार, विशाल, बबलू चंग और वनीत कुमार उपस्थित रहे।

# प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रतिभा कंवर ने मंडी के सरकाघाट में हुए 19 वर्षीय बेटी की हत्या के मामले में सरकार से उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलन।** प्रदेश भाजपा उपाध्क्षक्ष प्रतिभा कंवर ने मंडी के सरकाघाट में हुए 19 वर्षीय बेटी की हत्याके मामले में सरकार से सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जमीनी घोटालों को दबाने में लगी है तो दूसरी और कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा कि सरकाघाट में 19 साल की कालेज छात्रा की निर्मल हत्या के मामले में प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हत्यारा एक नशेड़ी बताया जा रहा है। एक ओर सरकार नशे और महिला सुरक्षा के दावे करती है लेकिन दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं दर्शाती हैं कि नशा किस तरह से युवाओं को बबार्द कर रहा है। इससे पहले भी मंडी में ही एक बौद्ध भिक्षु की हत्या में नशेड़ियों का हाथ था। प्रदेश सरकार के दावों की पोल इस तरह के हत्याकांड खोल रहे हैं। प्रतिभा कंवर ने कहा कि आज प्रदेश में बच्चियों से दुष्कर्म, महिलाओं से मारपीट, तेजाब कांड जैसी घटनाओं ने स्वजन की चिंता बढ़ा दी है। सरकार जितने भी दावे कर ले लेकिन यह घटनाएं प्रशासनिक और कानून व्यवस्था को कटघरे में खडा करती है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए साथ ही प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न है, लेकिन जिस तरह से दिन दिहाड़े यह हत्या हुई है इससे पता लगता है कि नशेड़ी किस तरह से सक्रिय हैं। दूसरी ओर सरकार केवल अपने चहेतों को बचाने में जुटी है। संस्थान बंद करने की प्रक्रिया लगातार जारी है तो लोगों को सुविधाओं के नाम पर केवल बयानबाजी ही सुनने को मिल रही है। न तो सरकार 1500 रुपये दे पाई और न ही अब बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल बना पा रही है। मुख्यमंत्री आए दिन दावे तो बड़े बड़े करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत अब जनता के सामने आ चुकी है और आने वाले समय मे सरकार को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## हिमाचल उत्तराखंड की सीमा पर जंगली हाथियों का उत्पादन

**एसपी जैरथ**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला की सीमा में स्थित पांवटा साहिब क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथी की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। बीती रात हाथी गांव के आसपास देखा गया, जिसके बाद लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार हाथी देर रात खेतों की ओर पहुंचा और कुछ जगहों पर फसलों को नुकसान भी पहुंचाया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और लाइटें जलाकर किसी तरह हाथी को गांव से दूर भगाने की कोशिश की। हालांकि हाथी के बार-बार इस क्षेत्र में आने से लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका जंगल से सटा हुआ है, जिससे जंगली जानवरों का आना आम हो गया है, लेकिन हाथी जैसी बड़ी और खतरनाक गतिविधि देखने को मिल रही है। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिवार खासे चिंतित हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात के समय अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

# एमएसपी बढ़ने के बावजूद गेहूं खरीद सुस्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के बावजूद खरीद प्रक्रिया सुस्त बनी हुई है। 8 अप्रैल से शुरू हुई खरीद के बाद सोमवार तक प्रदेश की मंडियों में मात्र 53.25 मीट्रिक टन गेहूं ही पहुंच पाई है।प्रदेश में इस बार गेहूं की अच्छी पैदावार हुई है, लेकिन लगातार बिगड़े मौसम और बारिश के चलते किसान अपनी उपज को खरीद केंद्रों तक नहीं ला पा रहे हैं। किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में मंडियों में आवक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा इस बार गेहूं के समर्थन मूल्य में 160 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और खरीद के लिए प्रदेश के नालागढ़, बद्दी, धौला कुआं, पांवटा साहिब, कांगड़ा के रियाली, फतेहपुर, एपीएमसी रामपुर, इंदौरा और नगरोटा सहित 10 अनाज मंडियों में खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं।अब तक 582 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है, जिनमें से 484 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। वहीं 268 किसानों को मंडियों में गेहूं बेचने के लिए टोकन भी जारी किए गए हैं।खरीद के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल नौ किसानों ने ही अपनी उपज बेची है। इनमें छह किसानों ने 24.40 मीट्रिक टन तथा कांगड़ा के रियाली क्षेत्र में तीन किसानों ने 28.85 मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में पहुंचाई है। विभागीय एजेंसियों द्वारा खरीद को लेकर सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं, लेकिन मौसम की प्रतिकूलता के कारण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

## आर.एस. बाली करेंगे ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष तथा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली 15 अप्रैल, 2026 को सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि इसके उपरांत प्रातः 11.00 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण करेंगे।

समारोह में पुलिस व गृह रक्षक जवानों सहित एन.सी.सी, एन.एस.एस. व स्कूली बच्चों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समारोह में विभिन्न संस्थानों एवं स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

मनमोहन शर्मा ने सभी से आग्रह किया है कि 15 अप्रैल, 2026 को प्रातः 11.00 बजे ठोडो मैदान पहुंच कर हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

## उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन द्वारा सतौन की अनदेखी को लेकर सड़कों पर उतरे युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** सतौन क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और प्रशासनिक अनदेखी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने सिरमौर जिला के सतौन में जमकर आक्रोश प्रदर्शन किया। क्षेत्र की तीन बड़ी समस्याओं को लेकर लोगों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। मीडिया से बात करते हुए प्रदर्शन कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उद्योग मंत्री को ज्ञापन देने के लिए सतौन में एकत्रित हुए थे। उद्योग मंत्री पांवटा साहिब से शिलाई के लिए रवाना हुए। ऐसे में जब मंत्री का काफिला सतौन में नहीं रुका तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोशित लोगों ने मंत्री और सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने सतौन से रेणुका जी मार्ग शीघ्र पक्का करने, जर्जर सतौन पुल की हालत सुधारने और सतौन उप-तहसील को बहाल करने की मांग उठाई हैं। इन्हीं मांगों को लेकर उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाना था, लेकिन मंत्री का काफिला लोगों को दरकिनार कर शिलाई के ओर रवाना हो गया। जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सतौन क्षेत्र की बार-बार हो रही अनदेखी के खिलाफ अब युवाओं के सब्र का बांध टूट गया है। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज सतौन में युवाओं ने धरना प्रदर्शन किया।

# रैत में 25 करोड़ के विभिन्न कार्य प्रगति पर : केवल सिंह पठानिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय रैत में 4 लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त कमरे का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए क्लस्टर प्रणाली लागू की गई है। इसके माध्यम से प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, पुस्तकालय एवं अन्य संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक और उन्नत सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि रैत में लगभग 25 करोड़ रुपये के विकास कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं, जबकि इससे पहले भी उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में करीब इतनी ही राशि के विभिन्न विकास कार्य करवाए थे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री द्वारा जल्द ही रैत में डे-बोर्डिंग स्कूल भवन का शिलान्यास किया जाएगा विधायक ने नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई बाल पौष्टिक आहार योजना का जिक्र करते हुए बताया कि सप्ताह में एक दिन बच्चों को अंडा या स्थानीय फल उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार होगा। अपने संबोधन में उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है और आज वे अपने विद्यालय के लिए योगदान दे पा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपने बचपन की यादें भी साझा कीं। उन्होंने अप्पर रैत महिला मंडल, अंबेडकर महिला मंडल, कमल महिला मंडल और शक्ति महिला मंडल को शाहपुर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक भी भेंट किए। उन्होंने प्राइमरी स्कूल रैत के बच्चों को अपनी ओर से स्कूल बैग भी भेंट किए । इससे पहले विधायक ने रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर समाधान किया,

# शूलिनी यूनिवर्सिटी ने रोबोटिक्स और एआई सेंटर की शुरुआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी ने आज अपने एआई,कंप्यूटर और डेटा साइंस विभाग के तहत रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए एक मॉडर्न सेंटर की शुरुआत की। यह सेंटर बेंगलुरु स्थित सिरैना टेक्नोलॉजीज के सहयोग से स्थापित किया गया है। इस केंद्र का उद्देश्य इंडस्ट्री और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम करना है। इसके तहत छात्रों को इंडस्ट्रियल स्तर के रोबोटिक्स और ह्यूमनॉइड सिस्टम्स पर ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे उनकी प्रैक्टिकल लर्निंग मजबूत होगी और एआई के क्षेत्र में इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।यह नया सेंटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटिंग, डेटा साइंस और एआई जैसे क्षेत्रों में मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च को तेजी प्रदान करेगा। लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कैंपस में ह्यूमनॉइड सिस्टम्स के लाइव डेमो और तकनीकी प्रेजेंटेशन भी दिए गए। सहयोग के तहत सिरैना टेक्नोलॉजीज तीन महीने का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगी, जिसमें फैकल्टी ट्रेनिंग और प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग शामिल होगी। साथ ही कंपनी मेंटरशिप, प्रोग्राम डिजाइन और छात्रों के प्लेसमेंट में भी सहयोग करेगी।यूनिवर्सिटी के फाउंडर और प्रो-चांसलर विशाल आनंद ने कहा की उनका लक्ष्य अकादमिक रिसर्च को इम्प्लीमेंटेशन करना है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और एआई, ऑटोमेशन व रोबोटिक्स में स्किल गैप को भरना बेहद जरूरी हो गया है। यह नया सेंटर शूलिनी के इनोवेशन पर फोकस को दोहराता है, जो हमारे एजुकेशनल डिजाइन में शामिल है, जिससे स्टूडेंट्स वर्कफोर्स में आने से पहले क्रिएटर और प्रॉब्लम-सॉल्वर बन सकें और अपने ऑर्गनाइजेशन में वैल्यू ऐड कर सकें। शूलिनी विश्वविद्यालय अपने समर्पित एआई सेंटर को एक अत्याधुनिक अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण केंद्र में बदल रहा है,

# सरकाघाट में युवती के हत्यारे को मिले कड़ी सजा : बलविंद्र सिंह बबलू

**टीम एक्शन इंडिया**



**नगरोटा** बगवां। सरकाघाट मे युवती की हत्या का मामला दुखद है। इसके दोषी को कडी सजा मिलनी चाहिए।

प्रदेश सरकार को महिला सुरक्षा की दिशा मे कडे कदम उठाने चाहिए। यह बात आल इंडिया एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिला अध्यक्ष, समाजसेवी, सहकारी सभा प्रधान, नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने कही। बबलू ने कहा कि सरकाघाट में बिटिया के साथ जो हुआ वह सोचकर ही मन विचलित हो रहा है। दिन दहाड़े इस तरह की घटना की देवभूमि में कल्पना भी नहीं की जा सकती।

इस घटना न केवल पूरे प्रदेश को शर्मसार किया है, बल्कि हर उस परिवार को डरा दिया है जिनकी बेटियां शिक्षा के लिए घर से बाहर निकलती हैं। जिस प्रदेश को हम सुरक्षित मानते थे,

वहां अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए? इस घटना में शामिल लोगों को उनके इस जघन्य अपराध की ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो भविष्य में उदाहरण बने। ईश्वर से प्रार्थना है कि बिटिया की आत्मा को शांति दें और परिजनों को यह असह्य दुःख सहन करने की शक्ति दें। यह घटना दुखद है।

# संपादकीय

## डॉ. आंबेडकरः बहुआयामी व्यक्तित्व का समग्र परिप्रेक्ष्य

भारतीय इतिहास में कुछ महान व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनकी छवि समाज के सामने सीमित रूप में प्रस्तुत होती है, जबकि उनका वास्तविक योगदान उससे कहीं अधिक व्यापक और बहुआयामी होता है। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर भी ऐसे ही एक महान पुरुष हैं। सामान्यतः उन्हें केवल संविधान निमार्ता या दलितों के उद्धारक के रूप में जाना जाता है, किन्तु यह उनके विराट व्यक्तित्व का केवल एक अंश है। उनके जीवन और कार्यों का गहराई से अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि वे एक अद्वितीय विद्वान, प्रखर अर्थशास्त्री, दूरदर्शी चिंतक, समर्पित शिक्षाविद, सिद्धांतनिष्ठ पत्रकार, श्रमिकों के हितैषी तथा सच्चे राष्ट्रनेता थे। डॉ. आंबेडकर का प्रारंभिक जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बीता। आर्थिक अभाव और सामाजिक भेदभाव के बीच उन्होंने जिस दृढ़ता और लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त की, वह अद्भुत है। अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उन्होंने उच्चतम शैक्षणिक उपाधियाँ प्राप्त कीं। उनके शोध कार्य आज भी अर्थशास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संदर्भ माने जाते हैं। उनकी प्रसिद्ध कृति ळीं ढ१ङ्कु'ी ङ्का ३ी फ्र्स्त्रीी ने भारतीय वित्तीय व्यवस्था की दिशा निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की वैचारिक आधारशिला रखी। एक शोधकर्ता और चिंतक के रूप में डॉ. आंबेडकर ने अनेक प्रचलित धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने तथाकथित आर्य आक्रमण सिद्धांत को तार्किक आधार पर अस्वीकार करते हुए यह सिद्ध किया कि भारतीय समाज की जड़ें एक ही सांस्कृतिक स्रोत में निहित हैं। अपनी पुस्तक हँङ्क हीश्री रैँ४१ि२ में उन्होंने शूद्रों की ऐतिहासिक स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया और यह स्थापित किया कि वे मूलतः क्षत्रिय थे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जाति व्यवस्था जन्म आधारित न होकर एक सामाजिक विकृति के रूप में विकसित हुई। संस्कृत भाषा के प्रति उनके गहरे अनुराग और प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन ने उनके विचारों को और भी प्रखर बनाया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने न केवल शिक्षण कार्य किया, बल्कि शिक्षा के प्रसार हेतु संस्थागत प्रयास भी किए। सिद्धार्थ कॉलेज और मिलिंद कॉलेज का प्रारंभ- ये सभी उनके शिक्षा के प्रति समर्पण के प्रमाण हैं। उनका मानना था कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त साधन है। वे शिक्षा को जीवनभर आवश्यक मानते थे और चाहते थे कि यह समान रूप से सभी वर्गों तक पहुँचे। पत्रकारिता के क्षेत्र में डॉ. आंबेडकर ने जनजागरण का प्रभावी माध्यम तैयार किया। मूकनायक, बहिष्कृत भारत और जनता जैसे पत्रों के माध्यम से उन्होंने समाज के वंचित वर्गों की आवाज को मुखर किया। वे एक सिद्धांतनिष्ठ और अनुशासित संपादक थे, जोकि लेखन की गुणवत्ता और तथ्यात्मकता पर विशेष ध्यान देते थे।

# बंगाल चुनाव से पहले बीजेपी का 33 फीसदी महिला आरक्षण दांव

**अजय कुमार**

> “2023 में पास होने के बावजूद यह कानून कागज पर ही रहा। अब सरकार उस शर्त को बदलने की तैयारी में है। सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ ही संविधान संशोधन लाने की भी तैयारी कर रही है। यह संविधान संशोधन इसलिए लाया जाएगा, जिससे साल 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाई जा सकें और 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके। साल 2011 की जनगणना के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है”

**भारतीय** राजनीति में एक नया अध्याय लिखा जाने वाला है। केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने जा रही है। इसके लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से करीब एक सप्ताह पूर्व 16 से 18 तक तीन दिनों का विशेष लोकसभा सत्र बुलाया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी सांसद या केंद्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। सभी सदस्यों को लगातार सदन में उपस्थित रहने और संसद की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है, जिस पर सियासत भी तेज हो गई है। नई आरक्षण व्यवस्था के साथ लोकसभा में सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। यह कदम महज एक कानूनी संशोधन नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी राजनीतिक रणनीति है, जिसमें एक साथ सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और चुनावी लाभ तीनों का समागम है। लोकसभा सत्र बुलाए जाते ही विपक्ष ने सियासत शुरू कर दी है। अभी से महिला आरक्षण में दलितों-पिछड़ों के लिये भी अलग कोटा की मांग उठने लगी है। उधर, बात बीजेपी सरकार की की जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही महिलाओं को अपनी सरकार के केंद्र में रखा है। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण इसी कड़ी की नई इकाई है। महिलाओं के हित में मोदी सरकार द्वारा उठाये गये अन्य कदमों की बात की जाये तो उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए, जिससे धुएं से मुक्त रसोई और स्वास्थ्य सुरक्षा



सुनिश्चित हुई। इसके साथ ही 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को मजबूती मिली और 100 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (2015), सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा ऋण, जन धन खाते और पीएम आवास योजना में महिलाओं के नाम पर संपत्ति ये सब मिलकर एक ऐसा ताना-बाना बुनते हैं, जिसमें देश की आधी आबादी को सीधे तौर पर सरकारी लाभ की अनुभूति होती है। इन योजनाओं का सीधा असर मतपेटी पर भी पड़ा। जो महिलाएं पहले घर से बाहर निकलकर वोट देने में हिचकिचाती थीं, वे आज एक सक्रिय मतदाता वर्ग बन चुकी हैं। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी ऐतिहासिक रही। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं ने खुलकर मोदी के पक्ष में वोटिंग की, जो किसी भी राजनीतिक विश्लेषक की नजर से नहीं छूटी। अब मोदी सरकार इस संबंध को और गहरा करने की दिशा में अपना सबसे बड़ा दांव खेलने जा रही है। सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है, जो लम्बे समय से प्रस्तावित था। बजट सत्र में पेश होने वाले इस विधेयक पर विपक्षी दलों से बातचीत तेज हो गई है। असल में यह मामला इतना सीधा नहीं है। महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 में संसद के विशेष सत्र में पास हुआ था। इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें दी जाएंगी। लेकिन इसे लागू करने के लिए पहले नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन जरूरी था। यानी 2023 में पास होने के बावजूद यह कानून कागज पर ही रहा। अब सरकार उस शर्त को बदलने की तैयारी में है। सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ ही संविधान संशोधन लाने की भी तैयारी कर रही है। यह संविधान संशोधन इसलिए लाया जाएगा, जिससे साल 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाई जा सकें और 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके। साल 2011 की जनगणना के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है और इसमें महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित की जा सकती हैं। बहरहाल, बात सिर्फ आरक्षण की नहीं है, बल्कि लोकसभा की संरचना को ही बदल देने की है। 543 से 816 सीटें यह संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। इन बिलों को पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी, इसलिए सरकार एनडीए के साथ-साथ विपक्षी दलों जैसे सपा, आरजेडी और वाईएसआर कांग्रेस से भी समर्थन मांग रही है। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण बिल में संशोधन को लेकर शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है। शुरूआत में गृहमंत्री ने छोटे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है और कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टी और अन्य बड़े दलों के साथ बातचीत अभी बाकी है। कांग्रेस के लिए यह बिल एक नैतिक दुविधा की स्थिति है। एक तरफ वह महिला आरक्षण की समर्थक रही है और राहुल गांधी ने खुद इसे जल्द लागू करने की मांग की थी। दूसरी तरफ इस बिल का खुलकर समर्थन करना मोदी को एक ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धि का श्रेय देना होगा। हालांकि संकेतों से साफ है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को महिला आरक्षण लागू करने की पहल का समर्थन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन असली बेचैनी उन दलों में है जो जातिगत समीकरणों पर टिके हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। यह बयान देखने में संतुलित लगता है, लेकिन इसके पीछे की राजनीति बहुत गहरी है। समाजवादी पार्टी, राजद तथा द्रमुक जैसे दलों की ओर से महिलाओं के लिए आरक्षण कोटे में ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के लिए अलग से कोटे की मांग उठाई जा सकती है। विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी कोटा शामिल करने की मांग उठाई है, जिससे सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। यह मांग तकनीकी रूप से जटिल है, क्योंकि ओबीसी के लिए संसद में आरक्षण का अभी कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। अखिलेश यादव और लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं की असली चिंता कहीं और है।

उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में उनकी राजनीति का आधार पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों का वोट बैंक है। यदि महिला आरक्षण 2029 से लागू हो जाता है और लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाती हैं, तो रोटेशन प्रणाली के तहत इन दलों के कई वर्तमान सांसदों की सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो उनके परिवारों और गुटों के कई दबंग नेताओं के लिए 2029 में चुनाव लड़ना असंभव हो जाएगा।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## क्यों डा अम्बेडकर सभी दलों के लिए स्वीकार है?

**भारत** के लोकतंत्र की एक अच्छी विशेषता यह है कि वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सत्ता संघर्ष के बावजूद कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें सभी दल समान श्रद्धा और स्वीकार्यता प्रदान करते हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनकी स्वीकृति केवल एक वर्ग या दल तक सीमित नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में समान रूप से प्रतिष्ठित है। इस व्यापक स्वीकार्यता के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका बहुआयामी योगदान है। एक ओर वे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार हैं, तो दूसरी ओर वे सामाजिक न्याय के सबसे प्रखर प्रवक्ता हैं। आपकी अध्यक्षता में निर्मित संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की विविधता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। इस संविधान ने भारत के विविध जाति,धर्म, भाषा,लिंग और राज्यों के लोगों को एक साझा मंच प्रदान किया। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दल संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए डॉ. अम्बेडकर के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं।

डॉ. अम्बेडकर की स्वीकार्यता का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है उनका सामाजिक संघर्ष है। उन्होंने जीवनभर जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। उनका यह संघर्ष केवल दलित समाज के लिए नहीं था, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए था जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। आज सभी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय, समावेशन और समानता की बात करते हैं,ये सभी विचार कहीं न कहीं डॉ. अम्बेडकर की ही देन हैं। इसलिए कोई भी दल उनके विचारों से स्वयं को अलग नहीं कर सकता। उनकी विचारधारा में लोकतंत्र के प्रति गहरा विश्वास भी सभी दलों को आकर्षित करता है। उन्होंने लोकतंत्र को केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन पद्धति माना। उनकी यह सोच कि "लोकतंत्र केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी होना चाहिए" आज भी प्रासंगिक है। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद, सभी दल लोकतांत्रिक मूल्यों को स्वीकार करते हैं और इसी कारण वे डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपना आधार मानते हैं, और डा.अंबेडकर को अपना मानते हैं। डॉ. अम्बेडकर का व्यक्तित्व संघर्ष, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जिसे हर दल अपने समर्थकों के सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। यह प्रेरणात्मक पक्ष उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रतीक बना देता है।

# विचार

## धोखा फरेब और नाकामी का मसौदा रही इस्लामाबाद वार्ता

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**पिछले** 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो ट्रंप जैसे नेताओं के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याह ऐसा नहीं चाहते।

आपको बता दें बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया।

अमेरिका-ईरान वार्ता बिना नतीजे के खत्म हो गई. लेकिन बातचीत के नाम पर असली फायदा डोनाल्ड ट्रंप ने उठाया है. अमेरिका ने होर्मुज में माइंस हटाने वाले जहाज भेज दिए हैं. वहीं पाकिस्तान ने भी सऊदी अरब में जेट भेजे हैं. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या बातचीत के नाम पर ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई गई. कहीं बातचीत में उलझाकर उसे फिर से धोखा तो नहीं दिया गया। क्योंकि बातचीत के बीच ही अमेरिका ने माइंस हटाने के लिए अपने दो सैन्य जहाजों को होर्मुज के पार ईरान के पास भेज दिया है. करीब 21 घंटे तक चली मैराथन बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को खाली हाथ लौटना पड़ा. वेंस ने साफ कहा कि अमेरिका ने अपनी रेड लाइन बता दी थी, लेकिन ईरान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया. दूसरी तरफ ईरान का आरोप है कि अमेरिका ने जरूरत से ज्यादा शर्तें थोप दीं और बातचीत को संतुलित नहीं रखा.

यहां यह भी गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती। वैसे यह तय है कि होर्मुज बनारसमध्य पर अमेरिका अपना कब्जा चाहता है, क्योंकि ईरान ते इस पर न केवल नाकेबंदी की है, बल्कि अब शुल्क चिनेको एरुआत भी कर दी है और ट्रंप इससे बुरी तरह गए हैं। ईरानी संसद से मंजूरी मिलने के बाद अब नामिरिखोलूश्यनरी गाईस कॉर्पस को होर्मुज से गुजरने पाहा से शुल्क वसूलने का अधिकार मिल गया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**
भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## बैसाखी पर नवजीवन का संदेश

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

बैसाखी के महीने में प्रकृति के लिहाज से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई ज़िंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई ज़िंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जायें। हरेक समाज में बैसाखी का महीना कई तरह से मनाया जाता है। सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरू साहिब, गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरूआत की थी। इस दिन दशम गुरू साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ।

महापुरूष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हें, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है। परमात्मा प्रेम है, हमारी आत्मा उसका अंश होने के नाते प्रेम है, इसमें कुदरती तौर से प्रभु से मिलने का भाव है, इसका गुण है अपने प्रीतम से जुड़ना। बैसाख धीरन क्यों वाढियां जिना प्रेम बिछोह। बैसाख धीरन क्यों बैसाख का महीना आ गया है, फसल कटी पड़ी है तुम्हारी, प्रभु से दूर पड़े हो, तुम्हें धीरज कैसे आ सकता है उसके बगैर। तुम उससे कटे पड़े हो, कैसे तुम जीवन गुजार रहे हो? कैसे भूल गये हो तुम? हर साजन पुरख विसार के लगी माया धोह। परमात्मा से दूर हो गये हम, उसे भूल गये और माया हाथ धोकर हमारे पीछे लग गई, माया नाम है भूल का। यह भूल कहाँ से शुरू हुई? यह दर्द भरी कहानी है। फसल तो बाहर कटी पड़ी है। महात्मा देखकर कहते हैं, तुम उस प्रभु से कटे पड़े हो तुम उसकी अंश हो। तुम मालिक को भूल गए और यही सब खराबियों की जड़ है। प्रभु को भूल कर अपना जन्म बरबाद कर रहे हो। प्रभु बिना अवर न कोय। प्रभु के बिना तुम्हारी आत्मा का कोई साथी नहीं। पुत्र, स्त्री, बच्चे ये सब प्रारब्ध कर्मों के अनुसार प्रभु ने जोड़े हैं।

## नोएडा में भड़का श्रमिक आंदोलन

**संजय सक्सेना**

**दिल्ली** से सटे औद्योगिक शहर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पिछले एक सप्ताह से सुलग रहा मजदूरों का असंतोष सोमवार को उस समय उग्र हो गया, जब फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में हजारों मजदूरों ने एक साथ काम का बहिष्कार कर दिया और फैक्ट्रियों के बाहर धरना शुरू कर दिया। सुबह से ही गेटों पर भीड़ जमा होने लगी और धीरे-धीरे यह विरोध प्रदर्शन कई औद्योगिक इकाइयों में फैल गया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और कई इलाकों में यातायात घंटों तक बाधित रहा। आंदोलन की शुरूआत एक-दो फैक्ट्रियों में वेतन वृद्धि की मांग से हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह मांग पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैल गई। मजदूरों का कहना है कि वे रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम करते हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें औसतन 12,500 से 13,500 रुपये के बीच वेतन मिलता है। कई श्रमिकों का दावा है कि ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के अनुसार नहीं होता, जिससे उनकी आय और कम हो जाती है। श्रमिकों का कहना था महंगाई का बढ़ता दबाव इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण बन गया है। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस की कीमत, किराया, बच्चों की स्कूल फीस और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च तेजी से बढ़ा है। यदि एक औसत मजदूर परिवार का मासिक खर्च 16,000 से 18,000 रुपये तक पहुंच चुका है और आय 13,000 रुपये के आसपास ही है, तो यह अंतर सीधे आर्थिक संकट में बदल जाता है। यही वजह है कि मजदूर अब वेतन वृद्धि को एक विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी मानने लगे हैं।इस पूरे विवाद की सबसे अहम कड़ी पड़ोसी राज्य हरियाणा का वह फैसला है, जिसने न्यूनतम मजदूरी में करीब 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी। यह वृद्धि 1 अप्रैल से लागू की गई और 11 अप्रैल से इसका असर स्पष्ट रूप से सामने आने लगा। नए वेतनमान के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,274 रुपये से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया गया। इसी तरह अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,430 रुपये से बढ़ाकर 16,780 रुपये किया गया, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन लगभग 13,704 रुपये से बढ़कर 18,500 रुपये तक पहुंच गया।

# अनूपपुर: नर्मदा के संरक्षण हेतु सरकार एवं समाज में समन्वय जरूरी- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा नदी जीवनदायिनी नदियों में से एक है। नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए शासन एवं समाज के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि नर्मदा के उद्गम स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएँ तथा नदी तटों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सतत रूप से की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की विश्व प्रसिद्ध तीर्थ एवं पर्यटक नगरी मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में नर्मदा समग्र मिशन की बैठक में अधिकारियों के निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमरकंटक की अखंडता बनाए रखने के लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा जन जागृति बढ़ाई जाए, ताकि उद्गम स्थल का संरक्षण किया जा सके। प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष श्री नर्मदे हर सेवा न्यास एवं मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामलाल रौतेल, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर, भाजपा जिला अध्य(क्ष हीरा सिंह श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र



में प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों पर स्थानीय प्रजाति के पौधे, वन औषधि पौधों का प्राथमिकता के साथ रोपण किया जाए। इस संबंध में वन मंडल अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। वन विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि अमरकंटक क्षेत्र में प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अमरकंटक के प्राकृतिक स्वरूप को निखारने के लिए स्थानीय प्रजाति साल, महुआ, आवला, चार, हर्रा, गुलबकावली आदि स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि हो तथा स्थानीय वन प्राकृतिक रूप से संरक्षित रह सकें। इस दौरान यह भी बताया गया कि वन विभाग की रोपणी में 2.50 लाख से अधिक पौधे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक में नए निर्माण कार्यों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण को प्रतिबंधित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक

**संरक्षण**

नर्मदा नदी जीवनदायिनी नदियों में से एक है। नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए शासन एवं समाज के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक

तथा नर्मदा उद्गम स्थल पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध समय-समय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने नर्मदा नदी में प्रदूषण, अपशिष्ट जल निकासी एवं जल प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस पर अधिकारियों ने बताया कि अमरकंटक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा चुका है तथा यह सुनिश्चित करने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं कि प्रदूषित जल नर्मदा नदी में न मिले। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अमरकंटक एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, जहाँ अनेक आध्यात्मिक एवं पौराणिक मंदिर स्थित हैं।

उन्होंने कहा कि यहाँ स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें नीति-नियमों के अनुरूप व्यवस्थित किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक क्षेत्र में प्लास्टिक एवं शराब के उपयोग पर कठोर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

# भटके कदमों को नई दिशा: सुकमा में पुनर्वास से विकास की कहानी लिख रही है सरकार

**पुनर्वास केंद्र**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुनर्वास केंद्र का किया अवलोकन, पुनर्वासितों से किया आत्मीय संवाद





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** नक्सल आतंक से लंबे समय तक प्रभावित रहे सुकमा में अब शांति, विश्वास और विकास की नई तस्वीर उभर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां संचालित पुनर्वास एवं कौशल विकास गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित लोगों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर नया जीवन प्रारंभ करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मानजनक जीवन, रोजगार और आगे बढ़ने के समान अवसर देने के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासितों की आंखों में दिखता आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण है कि यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो हर भटका हुआ कदम नई दिशा और नया जीवन प्राप्त कर सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की प्रभावी नक्सल पुनर्वास नीति के चलते सुकमा सहित बस्तर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अब तक 2392 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है, जिनमें से 361 पुनर्वासितों ने नया जीवन प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल पुनर्वास तक सीमित नहीं है, बल्कि इन नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, स्थायी रोजगार और समाज में बराबरी का अवसर प्रदान करना है। पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, कपड़ा सिलाई, कृषि उद्यमिता और वाहन चालक जैसे विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में अब तक 307 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया है, वहीं मुख्यधारा में लौटे 313 युवाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 107 पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए हैं, जिससे वे डिजिटल और संचार माध्यमों से जुड़कर आधुनिक जीवनशैली की ओर अग्रसर हो सकें। विशेष रूप से 115 महिलाएं प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

# ज्योतिबा फूले और बाबा साहेब महापुरूषों को एक साथ याद करना अच्छी पहल: अर्जुन राम मेघवाल

**समानता**

नारी शिक्षा के अग्रदूत तथा समता एवं समानता की अलख जगाने वाले ऐसे महापुरूष थे




**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर।** केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक, नारी शिक्षा के अग्रदूत तथा समता एवं समानता की अलख जगाने वाले ऐसे महापुरूष थे, जिनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दोनों महापुरूषों की जयंती एक साथ मनाकर नई शुरूआत की गई है। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं तथा महात्मा ज्येतिबा फूले की 199वीं जयंती के अवसर पर भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का निधन 28 नवंबर 1890 को हुआ तथा बाबा साहेब 14 अप्रैल 1891 को इस दुनिया में आए। उन्होंने ज्योतिबा फूले के विचारों को आगे बढ़ाया तथा समाज में नई चेतना पैदा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का बनाया संविधान आज हमें एक सूत्र में बांधता है। दोनों महापुरूषों के सिद्धांतों का आज भी हमारे जीवन में प्रभाव है। उन्होंने कहा कि भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट ने नई शुरूआत कर समाज के समक्ष एक मिसाल रखी है।

मेघवाल ने कहा कि आने वाले समय में महात्मा ज्योतिबा फूले के विचारों को लेकर देशभर में कार्यक्रम होंगे। बीकानेर में इनकी शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में अनेक धर्म, जातियां और वर्ग हैं। सभी में आपसी समरसता हो, यही दोनों महापुरूषों का ध्येय था। केन्द्रीय मंत्री ने परिवार को भारतीय समाज का महत्वपूर्ण अंग बताया और कहा कि परिवार आगे बढ़ेगा।

# करोड़ों की लागत से बदल रहा पुसौर का स्वरूप: वित्त मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन, पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण स्थल पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से कार्यों की स्थिति देखना, बुनियादी ढांचे का विकास कराना हम सभी की जिम्मेदारी है ' उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में आयोजित

**निरीक्षण**

पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया

समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया।

उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

# प्रधानमंत्री आज पहुंचेंगे देहरादून, दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का करेंगे लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानी 14 अप्रैल को देहरादून पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करने के साथ ही वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण भी करेंगे। प्रेस सूचना ब्यूरो ने सोमवार को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम जारी किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद करीब 11:40 बजे देहरादून पहुंचेंगे। डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे और उसके बाद जनसभा को संबोधित भी करेंगे। छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर 213 किलोमीटर लंबा है और करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह



**बहुप्रतीक्षित**

पूजा–अर्चना के बाद दोपहर करीब 12 :30 बजे बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे

कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है और इसके शुरू होने के बाद दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय 6 घंटे से घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा। परियोजना के तहत दस इंटरचेंज, तीन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), चार बड़े पुल और बारह वे-साइड सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही इसमें एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम भी लगाया गया है, जिससे यात्रा और अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगी।

पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस कॉरिडोर में विशेष वाइल्ड लाइफ सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं। इनमें 12 किलोमीटर लंबा वाइल्ड लाइफ एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है, जो एशिया के सबसे लंबे कॉरिडोर में से एक है। इसके अलावा 8 एनिमल पास, 200-200 मीटर लंबे दो हाथी अंडरपास और डाट काली मंदिर के पास 370 मीटर लंबी सुरंग भी बनाई गई है, जिससे वन्यजीवों की आवाजाही सुगम बनी रहे।

यह कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति देने के साथ ही पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा देगा। धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# जालियांवाला बाग बरसी पर चंबल के क्रांतिवीरों के स्मारक निर्माण की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा।** जालियांवाला बाग नरसंहार की बरसी पर चंबल संग्रहालय पंचनद परिवार ने चंबल अंचल के क्रांतिवीरों की स्मृतियों को संरक्षित करने और उनके सम्मान में स्मारक निर्माण की मांग को लेकर इटावा स्थित कचहरी परिसर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इसके बाद मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। सभा के दौरान क्रांति नायकों को न्याय दो, स्मृतियों को जीवंत करो और जीता चमार, मारून सिंह लोधी, जंगली-मंगली भंगी का स्मारक बनाओ जैसे नारों से परिसर गूंज उठा।

# अवैध अतिक्रमण पर वन विकास निगम की सख्त कार्रवाई

**कार्रवाई**

उत्खनन पर नियंत्रण के लिए प्रदेशभर में नियमित गश्त और सख्त कार्रवाई की जा रही



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** वन मंत्री केदार कश्यप के निदेर्शानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा लगातार अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर नियंत्रण के लिए प्रदेशभर में नियमित गश्त और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस पहल से वन क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग रही है।

कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर के अंतर्गत परिक्षेत्र भैंसाझार के रतनपुर सर्किल के जूनाशहर बीट के कक्ष क्रमांक ढत्र7़1621 में अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया। यहां श्री संतोष सोनी, निवासी रतनपुर द्वारा वन भूमि पर टीन और लोहे से अवैध शेड का निर्माण किया गया था। उपमंडल प्रबंधक, कोटा द्वारा जारी नोटिस (पत्र क्रमांक 98/2026, दिनांक 11 अप्रैल 2026) के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर वन विभाग की टीम ने 12 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से अवैध टीन शेड को हटा दिया। कार्रवाई के दौरान 500 नग फ्लाई ऐश ब्रिक्स, 15 एंगल पाइप और 6 टीन शीट जप्त की गईं। जब्त सामग्री का जप्तीनामा तैयार कर चालान के माध्यम से प्रोजेक्ट डिपो कोटा भेज दिया गया। इससे पूर्व संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(ग) एवं लोक संपत्ति अधिनियम 1989 की धारा 3 के तहत प्रकरण दर्ज किया जा चुका है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिलासपुर और मंडल प्रबंधक कोटा के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वैभव साहू के नेतृत्व में की गई।

# बस्तर के साढ़े नौ लाख नागरिकों को मिला ''सुरक्षा कवच''

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सोमवार को सुकमा जिले से 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' का भव्य शुभारंभ किए जाने के साथ ही बस्तर जिले में स्वास्थ्य क्रांति के एक नए युग की शुरूआत हो गई है। 'मावा सेहत, मावा बस्तर' के संकल्प के साथ शुरू हुए इस अभियान का मूल उद्देश्य जिले के हर नागरिक तक निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है, जिसके लिए प्रशासन ने लगभग साढ़े नौ लाख की लक्षित जनसंख्या के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस अभियान के तहत बस्तर जिले के सभी गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में 289 विशेष



स्क्रीनिंग टीमों को तैनात किया गया है, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और मितानिनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह अभियान केवल सामान्य जाँच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति का एक डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है जिसे आयुष्मान भारत (आभा) से जोड़ा जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य इतिहास का सटीक रिकॉर्ड बना रहे। घर-घर पहुँचने वाली ये टीमें न केवल उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल और कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर रही हैं, बल्कि टीबी, मलेरिया, कुष्ठ और फाइलेरिया जैसे संचारी रोगों की भी सूक्ष्मता से जाँच कर रही हैं। विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया और विटामिन ए की कमी की पहचान करने के साथ-साथ उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की निगरानी पर भी बल दिया जा रहा है।

**अभियान**

'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' का भव्य शुभारंभ किए जाने के स्वास्थ्य क्रांति के एक नए युग की शुरूआत हुई

अभियान की सफलता के लिए सूक्ष्म नियोजन करते हुए पूरे जिले में 5,300 से अधिक विजिट प्लान तैयार किए गए हैं, जिसमें बस्तर ब्लॉक में सर्वाधिक 52 टीमें और जगदलपुर क्षेत्र में व्यापक नेटवर्क के माध्यम से शत-प्रतिशत जनसंख्या कवरेज का लक्ष्य रखा गया है। जाँच के दौरान गंभीर पाए जाने वाले मरीजों को उच्च स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तत्काल 'रेफरल स्लिप' और मौके पर ही प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक औषधियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्थानीय समुदायों में जागरूकता फैलाने के लिए कोटवारों द्वारा मुनादी, स्थानीय बोलियों में ऑडियो संदेश और पंचायत स्तर पर लाइव वेबकास्टिंग जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

# महारानी अस्पताल में 'अटल आरोग्य लैब' का हुआ भव्य शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर:** बस्तर संभाग के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। महारानी जिला चिकित्सालय, जगदलपुर में अत्याधुनिक 'अटल आरोग्य लैब' का भव्य शुभारंभ किया गया, जो क्षेत्र के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की एक महत्वपूर्ण सौगात है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस उच्च स्तरीय लैब का लोकार्पण कर प्रदेश में सही जाँच, सही इलाज के संकल्प को सुदृढ़ किया। इसी कड़ी में,



स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए नगर पालिक निगम के अध्यक्ष श्री खेमसिंह देवांगन ने विधिवत फीता काटकर लैब का औपचारिक उद्घाटन किया। यह लैब अब बस्तर के लोगों को उनके घर के पास ही कम समय में सटीक और उच्च गुणवत्ता वाली पैथोलॉजी जांच उपलब्ध कराएगी।

प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

हिमाचल न्यूज

एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना,
14 अप्रैल 2026





# पर्यावरण संरक्षण एवं जनसुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण पहल : कुलदीप सिंह पठानिया

**संरक्षण**

» पर्यावरण संरक्षण एवं जनसुविधा की दृष्टि से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण



**हामिद खान**

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज नगर परिषद द्वारा शुरू की गई ई-कार्ट सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। ई-कार्ट सेवा को मिलेनियम गेट से हरी झंडी दिखाने के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्तालाप करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनसुविधा की दृष्टि से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि ई-कार्ट सेवा न केवल शहर में प्रदूषण को कम करने में सहायक होगी, बल्कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। यह पहल पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

उन्होंने कहा कि इस सेवा से स्थानीय स्तर पर लोगों को आवागमन की बेहतर और सुलभ सुविधा उपलब्ध होगी। विशेष रूप से वे लोग जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, बुजुर्ग हैं या जिन्हें दैनिक आवागमन में कठिनाई होती है, उन्हें इस सेवा का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया की ई-कार्ट व्हीकल मेडिकल कॉलेज से भरमौर चौक तक चलेगा जिसका किराया मात्र 10 रुपए निर्धारित किया गया है।

उन्होंने नगर परिषद एवं जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनहितकारी प्रयास वास्तव में विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले तीन वर्षों से बेरोजगार युवाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में ई-व्हीकल योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के माध्यम से युवाओं को लगभग 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ई-व्हीकल उपलब्ध करवाए गए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हुआ है और युवाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में इस योजना का और अधिक विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

### हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी व दूरदर्शन से प्रसारित होगा मुख्यमंत्री का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे, जिसे आकाशवाणी शिमला से 14 अप्रैल, 2026 को सायं 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश एफएम शिमला, एफएम हमीरपुर, एफएम धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा।

दूरदर्शन केंद्र, शिमला से हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री का संदेश 14 अप्रैल, 2026 को सायं 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा।

# राजस्व मंत्री ने रिकांग पिओ में विशेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की अध्यक्षता की

**चर्चा**

» शहर की नालियों की सफाई व ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन पर विस्तृत चर्चा



**राजन पुरी**

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर के रिकांग पिओ स्थित एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की अध्यक्षता की और गत बैठक में दिए गए निर्देशों का अद्यतन ब्यौरा मांगा।

जगत सिंह नेगी ने साडा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साडा के तहत आने वाले क्षेत्र में सूखे व गीले कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित बनाएं। मंत्री ने साडा के तहत दिसम्बर, 2025 से मार्च माह तक हुए डोर-टू-डोर सेवा शुल्क की राशि व खुले में कचरा फैंकने वालों के हुए चालान से अर्जित की गई राशि का भी ब्यौरा मांगा और इसका सही इस्तेमाल करने को कहा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटें, शौचालयों का रख-रखाव, रिकांग पिओ शहर की नालियों की सफाई व ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कल्पा गांव के सौंदर्यकरण पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ताकि कल्पा गांव को पर्यटन की दृश्टि से विकसित किया जा सके और स्थानीय लोगों की आय में बढ़ौतरी हो सके। इसके अतिरिक्त पोवारी में ठोस कचरा प्रबंधन के रख-रखाव, सांगला में पार्किंग व्यवस्था, रिकांग पिओ में विज्ञापन लगाने, शूटिंग व ड्रोन शूटिंग पर रेट निर्धारित करने और साडा के कल्पा क्षेत्र के जंगल में कचरा फैंकने वालों पर कार्यवाही करने के लिए कैमरा लगाने जैसे अहम विशयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर निर्णय लिए गए और अधिकारियों को इसका पालन पूण करने के आदेश दिए गए।

# विधायक विवेक ने समूरकलां में 81.92 लाख की सिंचाई परियोजना का किया शुभारंभ



**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत समूरकलां में प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-दो के तहत सिंचाई एवं कृषि विकास योजना का विधायक विवेक शर्मा ने शुभारंभ किया गया। इस योजना पर 81.92 लाख रुपये की लागत आई है। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने परियोजना स्थल का निरीक्षण किया तथा उपस्थित किसानों और स्थानीय लोगों को इस योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हर घर नल, हर नल जल योजना के बाद अब कुटलैहड़ के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य शुरू हो चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी और खेती को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के किसान सिंचाई सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्हें वर्षा आधारित खेती पर निर्भर रहना पड़ता था। अब इस परियोजना के शुरू होने से किसानों को नियमित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और उनकी फसल उत्पादकता में उगेखनीय वृद्धि होगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद और दूरदर्शी सोच के कारण ही आज किसानों की भूमि सिंचाई का सपना साकार हो पाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भी विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिस से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

### नगर निगम में खड्डों एवं नालों की डी-सिल्टिंग कार्य को लेकर बैठक 20 को

**राजन पुरी**

**ऊना।** मानसून के मद्देनजर नगर निगम ऊना क्षेत्र में जलभराव तथा बाढ़ जैसी संभावित परिस्थितियों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में खड्डों एवं नालों की सफाई (डी-सिल्टिंग) कार्यों की समीक्षा के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), ऊना द्वारा 20 अप्रैल को बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में नगर निगम ऊना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी खड्डों एवं नालों में चल रहे डी-सिल्टिंग कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

# तिब्बतन प्रतिनिधिमंडल ने लोक भवन में राज्यपाल से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** शिमला में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के मुख्य प्रतिनिधि ल्हाकपा त्सेरिंग के नेतृत्व में एक तिब्बती प्रतिनिधिमंडल ने आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और तिब्बती समुदाय के बीच हमेशा गहरा और सौहार्दपूर्ण संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति ने राज्य को वैश्विक स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा का जीवन करुणा, अहिंसा, शांति और सार्वभौमिक मानव कल्याण का जीवंत उदाहरण है, जो पूरी दुनिया के लोगों को नैतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा की शिक्षाएं न केवल तिब्बती समुदाय बल्कि समस्त मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में तिब्बती भाइयों और बहनों के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। इस अवसर पर ल्हाकपा त्सेरिंग ने राज्यपाल को सम्मानित किया। लोक भवन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर राज्य के विकास एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### राशन डिपुओं में दालों के बदले दाम

**हामिद खान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी राशन डिपुओं में इस माह दालों के दामों में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा जारी नई रेट लिस्ट के अनुसार, उपभोक्ताओं की थाली का स्वाद अब थोड़ा महंगा और थोड़ा सस्ता दोनों होने वाला है।

जहां एक ओर माश की दाल के दामों में 11 रुपए की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं चना और मलका दाल के दामों में कटौती कर आम जनता को राहत भी दी गई है।

डिपो धारकों को प्राप्त नए निर्देशों के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों के राशन कार्ड धारकों के लिए संशोधित दरें इस प्रकार हैं।

मास की दाल जहां पहले एपीएल परिवार को 83 रुपए की मिलती थी उसे बढ़ाकर 94 कर दिया गया है जबकि चना की दाल एपीएल कार्ड पर पहले 73 की थी अब उसे 66 रूपये कर दिया गया है वही मलका की दाल को भी सस्ता किया गया है।

महंगाई के इस दौर में सरसों तेल के उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। विभाग ने सरसों के तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस महीने भी एपीएल और एनएफएसए दोनों श्रेणियों के कार्ड धारकों को सरसों तेल 153 रुपए प्रति लीटर की दर से ही उपलब्ध होगा।

डिपुओं में इस माह माह की दाल के दामों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इसके साथ ही चना दाल 7 रूपये और मलका दाल 1 रुपये तक सस्ती हुई है। उपभोक्ताओं को नए रेट के अनुसार ही राशन वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बार मलका दाल के मामले में विरोधाभासी स्थिति देखने को मिली है, जहाँ एपीएल कार्ड धारकों के लिए यह एक रुपया महंगी हुई है, वहीं एनएफएसए लाभार्थियों के लिए एक रुपया सस्ती हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि माह की दाल के दाम अचानक बढ़ने से रसोई के बजट पर असर पड़ेगा, हालांकि चना दाल सस्ती होने से कुछ संतुलन जरूर बनेगा।

### अल्पसंख्यक योजनाओं पर सरकार विफल, हज कमेटी गठन में भी देरी : मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी



**हामिद खान**

**चंबा।** ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी (रजि.) के मुख्य सलाहकार नसीम मोहम्मद दिदान और राज्य उपाध्यक्ष अधिवक्ता शकील अहमद शेख ने संयुक्त बयान जारी कर हिमाचल प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में पूरी तरह विफल रही है।

नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के नए बिंदुओं से संबंधित राज्य स्तरीय बैठकों का आयोजन भी सही तरीके से नहीं किया गया, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय को मिलने वाले लाभ प्रभावित हुए हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों को कई बार पत्र लिखे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय में गहरा असंतोष व्याप्त है। साथ ही, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अब तक हिमाचल प्रदेश राज्य हज कमेटी और वक्फ बोर्ड का गठन करने में भी असफल रही है।

नसीम दीदान ने सरकार से मांग की है कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर जल्द ध्यान दिया जाए और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए।

# वलोह में मनाया गया पोषण पखवाड़ा, स्वास्थ्य व पोषण के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** विकासखंड टोनी देवी के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र वलोह-2 में पोषण पखवाड़ा बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रेष्ठ कुमारी मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने की।

अध्यक्ष ललित जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को संतुलित आहार की सही जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए ट्रस्ट की ओर से फल भी वितरित किए, जिससे बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़े।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलिमा देवी ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य समाज से कुपोषण को समाप्त करना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

उन्होंने महिलाओं, बच्चों तथा गर्भवती माताओं को पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार, हरी सब्जियों, दालों, फलों तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सही खान-पान को अपनाने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सहायिका अनीता देवी, बच्चों की माताएं सोमा देवी, इंदुबाला, नीलम कुमारी, संदला देवी सहित गांव की अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### घनारी स्कूल में जलियांवाला बाग शहीदों को श्रद्धांजलि

**राजन पुरी**

**ऊना।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक संगठन शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने घनारी स्कूल में स्थापित शहीद स्मारक पर जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। क्लब के प्रधान मुनीष ठाकुर ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में जनरल डायर द्वारा निहत्थी भीड़ पर गोलियां चलाने की घटना भारतीय इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि जलियांवाला बाग आज भी शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है और हमें उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर उपप्रधान राजिंदर बंसल, अमित सूद, सतीश बिट्ठू, अनिकेत, योगराज, शम्मी सिंह, सतीश कालिया सहित स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### कमला नेहरू अस्पताल शिफ्टिंग और पास शुल्क वृद्धि पर भाजपा का राजभवन मार्च, जनविरोधी फैसलों के खिलाफ सौंपे ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से लोक भवन, शिमला में मिला और प्रदेश सरकार के दो महत्वपूर्ण जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ विस्तृत ज्ञापन सौंपे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, कोषाध्यक्ष कमल सूद, सह मीडिया प्रभारी रमा ठाकुर तथा प्यार सिंह कंवर उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार द्वारा कमला नेहरू अस्पताल, शिमला की गायनी सेवाओं को आईजीएमसी में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पिछले लगभग 100 वर्षों से प्रदेश की महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए जीवनरेखा के रूप में कार्य करता रहा है, लेकिन बिना किसी स्पष्ट अधिसूचना के साइलेंट शिफ्टिंग के माध्यम से इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि आईजीएमसी पहले ही अपनी क्षमता से अधिक भार झेल रहा है और ऐसे में 300 बेड के विशेष अस्पताल की सेवाओं को वहां स्थानांतरित करना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### खरयालता पंचायत में सर्वसम्मति से अशोक को उपप्रधान बनाने का फैसला

**राजन पुरी**

**ऊना।** विकास खंड बंगाणा की ग्राम पंचायत खरयालता में पंचायत चुनाव के बाद एक अहम राजनीतिक सहमति देखने को मिली है। प्रधान पद आरक्षित होने के चलते उपप्रधान पद को लेकर पंचायत स्तर पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद पंचायत की जनता ने सर्वसम्मति से अनुभवी नेता और पूर्व प्रधान अशोक शर्मा को उपप्रधान बनाने का निर्णय लिया। अशोक शर्मा पहले भी प्रधान और उपप्रधान जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। शुरुआती दौर में उपप्रधान पद के लिए तीन अन्य उम्मीदवार सुरेंद्र शर्मा, सतपाल शर्मा और समाजसेवी परमजीत सिंह ने भी अपनी दावेदारी पेश की थी। लेकिन पंचायत के व्यापक हित और आपसी सहमति को ध्यान में रखते हुए इन सभी ने अपने नाम वापस लेकर अशोक शर्मा को समर्थन दे दिया।

# अतिरिक्त कार्यालय भवन तथा अतिथि गृह एवं आवासीय परिसर भवन पर खर्च होंगे करीब दो करोड़ रुपए



**हामिद खान**

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अतिरिक्त कार्यालय भवन तथा अतिथि गृह एवं आवासीय परिसर भवन का विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज विधिवत शिलान्यास किया।

लगभग दो करोड़ रुपए रुपए की लागत से बनने वाले इन भवनों के बनने से न केवल नगर परिषद चंबा के अधिकारियों व कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यालय स्थान व आवासीय सुविधा मिलेगी बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों के लिए अतिथि गृह की सुविधा भी प्राप्त होगी।

इस अवसर पर नगर परिषद परिसर चंबा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से चंबा एक सुप्रसिद्ध स्थल है तथा यहां की कला व लोक संस्कृति देश-विदेश में विख्यात है उन्होंने कहा कि चंबा को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा इस दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना अभी शेष है। जिला चंबा में धार्मिक साहसिक तथा स्वास्थ्य संबंधी पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है जिन्हें विकसित करने के लिए अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लगभग 56000 वर्ग किलोमीटर में फैला जिला चंबा भौगोलिक दृष्टि से पिछड़ा होने के कारण यहां अन्य जिलों की तुलना में धन की अधिक आवश्यकता है।

इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से जिला को जोड़ने के लिए सुरंग निर्माण का होना अत्यंत आवश्यक है जिससे न केवल सड़क मार्ग की दूरी कम होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह महत्वपूर्ण है।

### समान शिक्षा प्रणाली लागू करने की उठी मांग, सरकारी स्कूलों की बदहाली पर चम्बा जन हित संगठन ने जताई चिंता

**हामिद खान**

**चंबा।** चम्बा जन हित संगठन ने देश की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आ रही गिरावट और सरकारी स्कूलों की उपेक्षा पर गहरा रोष व्यक्त किया है। संगठन ने पड़ोसी देश नेपाल के प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए उस कदम की सराहना की है, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि जिस स्कूल में उनका बेटा पढ़ेगा, उसी स्कूल में एक सामान्य नेपाली नागरिक का बच्चा भी शिक्षा ग्रहण करेगा।

संगठन के अध्यक्ष डॉ. एस. शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने भी सरकारी स्कूल से पढ़कर देश का नेतृत्व किया था, लेकिन आज स्थिति इसके विपरीत है। देश में सरकारी स्कूल लगातार बंद हो रहे हैं और शिक्षा व स्वास्थ्य पूरी तरह से एक व्यावसायिक धंधा बन चुके हैं। निजी स्कूलों और नर्सरी ट्रेनिंग सेंटरों द्वारा अभिभावकों से भारी-भरकम फीस वसूली जा रही है। संगठन ने आरोप लगाया कि निजी संस्थानों में नर्सरी और एलकेजी जैसी कक्षाओं की फीस ही 5-6 हजार रुपये तक पहुँच गई है।

जहाँ एक तरफ मंत्रियों और अधिकारियों के बच्चे विदेशों या महंगे संस्थानों में पढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनता अपने बच्चों के भविष्य के लिए कर्ज के बोझ तले दब रही है।

डॉक्टर शादी लाल ने मैकाले की शिक्षा पद्धति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान प्रणाली केवल क्लर्क पैदा करने वाली बनकर रह गई है। डिग्री हासिल करने के बाद भी युवा बेरोजगार घूम रहे हैं।

संगठन ने सवाल उठाया कि जब कानून की शिक्षा के लिए लॉ कॉलेज हैं, तो देश चलाने वाले जन-प्रतिनिधियों के लिए भी न्यूनतम योग्यता और प्रशिक्षण क्यों अनिवार्य नहीं होना चाहिए?